26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 15 नवम्बर, 2026

अंक- 21 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## फ्लैट्स बिकाऊ हैं

बिजनौर में बिजनौर-मेरठ रोड पर नेहरु स्टेडियम (तरण ताल) के सामने कॉम्पलैक्स के पीछे फर्स्ट, सेकेण्ड, थर्ड फ्लोर पर तीन फ्लेट्स 2+1 बी.एच.के. कार पार्किंग व लिफ्ट की सुविधा के साथ बिकाऊ हैं। खरीदने के इच्छुक व्यक्ति शीघ्र सम्पर्क करें।

मो. 9897899730

# योगी बोले- दंगाई चूहे बनकर बिल में दुबक गए

## 50 हजार युवाओं को टैबलेट बांटे, 25 लाख को देंगे, कहा- आपमें बजरंगबली की ताकत

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। यूपी विधानसभा चुनाव 2027 से पहले युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 25 लाख टैबलेट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम लखनऊ के राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश सबसे युवा है और इस पर भी उत्तर प्रदेश सबसे युवा प्रदेश है। युवा मतलब शक्ति। आप सब अभी 15 से 35 वर्ष की उम्र के बीच हैं। आप सबमें बजरंगबली की ताकत है। ये वो दौर है जब असंभव जैसा शब्द आपके शब्दकोश में नहीं है। जब महारानी लक्ष्मीबाई ने ब्रिटिश हुकूमत से लड़ाई लड़ी थी तब उनकी उम्र केवल 26 साल थी। महान स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर को 26 वर्ष की उम्र में दो बार आजीवन कारावास की सजा हुई थी और जब महाराणा प्रताप ने अकबर से पहली बार युद्ध लड़ा था। समय उनकी उम्र मात्र 27 साल की थी। स्वामी विवेकानंद ने वैश्विक मंच पर भारत को एक नई पहचान दी। यूपी के बारे में लोगों की धारणा बदली है। 2017 के पहले अगर कहीं कोई नौकरी निकलती थी तो चाचा-भतीजा वसूली के लिए निकल पड़ते थे पर अब नौकरी के लिए कोई सिफारिश नहीं करनी पड़ती है और न ही रिश्वत देना पड़ता है। आज के समय में दंगाई चूहे बनकर बिल में दुबक गये।

## आवश्यकता है

**R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL**

**(C.B.S.E. Patteran An English Medium)**

ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा 5 से कक्षा 10 तक अंग्रेजी और विज्ञान हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।

मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044



यह धरती हमारी है,
हम इसके रक्षक हैं।"
-भगवान बिरसा मुंडा

उत्तर प्रदेश सरकार | उत्सव प्रदेश

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर
स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत




25 लाख
टैबलेट वितरण कार्यक्रम का
उद्घाटन

एवं

लखनऊ, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव जनपदों के
300 शैक्षणिक संस्थानों के
50,000+
छात्र-छात्राओं एवं प्रशिक्षणार्थियों को
टैबलेट वितरण

द्वारा

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति

केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

ब्रजेश पाठक
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एन.आर.आई. तथा निवेश प्रोत्साहन, उत्तर प्रदेश

योगेन्द्र उपाध्याय
मंत्री, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश

सुनील कुमार शर्मा
मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, उत्तर प्रदेश

दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), परिवहन, उत्तर प्रदेश

जसवन्त सिंह सैनी
राज्य मंत्री, संसदीय कार्य तथा औद्योगिक विकास, उत्तर प्रदेश

रजनी तिवारी
राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश

सुषमा खर्कवाल, महापौर, लखनऊ | डॉ. लाल जी प्रसाद निर्मल, सदस्य, विधान परिषद | मुकेश शर्मा, सदस्य, विधान परिषद | रामचंद्र प्रधान, सदस्य, विधान परिषद | डॉ. महेन्द्र कुमार सिंह, सदस्य, विधान परिषद | उमेश द्विवेदी, सदस्य, विधान परिषद

जय देवी, विधायक, मलिहाबाद | डॉ. नीरज बोरा, विधायक, लखनऊ उत्तर | ओ.पी. श्रीवास्तव, विधायक, लखनऊ पूर्व | योगेश शुक्ला, विधायक, बक्शी का तालाब | अमरेश कुमार, विधायक, मोहनलालगंज | एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

दिनांक : 15 नवंबर, 2026 | समय : पूर्वाह्न 11:00 बजे | स्थान : राष्ट्र प्रेरणा स्थल, बसंत कुंज, लखनऊ



योजना से आच्छादित विभाग एवं संस्थान : उच्च शिक्षा विभाग | तकनीकी शिक्षा विभाग | प्राविधिक शिक्षा (डिप्लोमा) विभाग | कौशल विकास विभाग | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) विभाग | चिकित्सा शिक्षा विभाग | पैरामेडिकल एवं नर्सिंग विभाग | बेसिक शिक्षा विभाग-D.El.Ed | आयुष विभाग | सेवा मित्र पोर्टल पर पंजीकृत कुशल श्रमिक | सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अंतर्गत विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद (ODOP) प्रशिक्षण योजना | कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग | दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग | संस्कृति विभाग के अंतर्गत भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय | पशुधन विभाग के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विवि | उत्तर प्रदेश में स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय

वर्ष 2021-22 से अब तक 60 लाख विद्यार्थियों को टैबलेट/स्मार्टफोन वितरित

युवा शक्ति की क्षमता अपार-अब हो रहे सपने साकार

UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
लाइव प्रसारण DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076

विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार

# धूमधाम से आयोजित किया भव्य अग्रसेन जयंती समारोह





**चांदपुर ( चिंगारी )**। वैश्य सभा चांदपुर के तत्वावधान में भव्य अग्रसेन जयंती समारोह हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित भजन संध्या में लोग झूम उठे। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। शनिवार की रात्रि में नगर स्थित हिन्दू इंटर कालेज में वैश्य सभा के अध्यक्ष विमल अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमरोहा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन, विशिष्ट अतिथि जांगीपुर शुगर मिल बिंदल ग्रुप के अध्यक्ष शशि गुप्ता, वैश्य सभा के अध्यक्ष विमल अग्रवाल आदि ने महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण कर किया। लिटिल स्टार किड्स प्ले के बच्चों ने गीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक पं. राजकुमार गोस्वामी ने सुंदर-सुंदर भजन सुनाकर लोगों को रोमांचित कर दिया तथा कार्यक्रम स्थल भक्तिमय हो गया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि चेयरपर्सन श्रीमती शशि जैन ने कहा कि वैश्य समाज के लोगों से, विशेषकर महिलाओं से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने तथा साथ ही राजनीति में भी आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने समाज के लोगों से अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा समाज के कमजोर लोगों को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग देने का भी आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि चांगीपुर शुगर मिल बिंदल ग्रुप के अध्यक्ष शशि गुप्ता ने प्रति वर्ष 30 हजार रूपए व 12 सिलाई मशीन दिये जाने की घोषणा की।

## सम्मानित होने वाले मेधावी छात्र-छात्राएं

कार्यक्रम में यूपी बोर्ड हाईस्कूल में सर्वाधिक अंक लाने वाले राघव, कु. अक्षिता अग्रवाल, कु. उन्नति गर्ग, यूपी बोर्ड इंटर कार्मस में सर्वाधिक अंक लाने वाले स्पर्श अग्रवाल व इंटर विज्ञान वर्ग में सर्वाधिक अंक लाने वाली कु. वैष्णवी, विज्ञान वर्ग में सर्वाधिक अंक लाने वाले अक्षय कुमार, कु. वाणी गुप्ता, सीबीएसई इंटर विज्ञान वर्ग में द्वितीय स्थान लाने वाली कु. अनन्या जैन, कृष अग्रवाल, आलोकदीप गुप्ता, ध्रुव अग्रवाल, मनित सिंघल, कु. दिव्यांशी अग्रवाल, कु. इशिका रानी, कु. स्तुति गर्ग, कु. अमीषी गुप्ता, नैतिक गोयल, कु. तनीषी गर्ग, अंकुश गोयल, ऋषभ अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल, स्पर्श सिंघल, रुद्रांश गुप्ता, इशान अग्रवाल व मान्या मित्तल आदि को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## अंतिम यात्रा वाहन बस में सहयोग किया

पुरानी अंतिम यात्रा बस को समाप्त कर नई बस ली गई, जिसमें कृष्णौतार बैंकर्स, पवन कुमार व हरिओम गर्ग गुड़ आढ़ती आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## इनकी उपस्थिति रही

कार्यक्रम में वैश्य सभा के संरक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, अनिल कुमार मित्तल, अध्यक्ष विमल अग्रवाल, डा. केबी मित्तल, अनिल कुमार तेल वाले, कृष्णोतार बैंकर्स, नवीन अग्रवाल, नितीश कुमार गुप्ता, बिल्लू गुप्ता, विपुल तायल, सुधीर अग्रवाल, सुबोध गुप्ता, नितिन गुप्ता, अमित माहेश्वरी, डा. विशाल मित्तल, विष्णु गोपाल अग्रवाल, दीपू, नवीन माहेश्वरी, आदित्य बंसल,अभिनव गोयल, विभोर मित्तल बीकेजी ज्वैलर्स, वैश्य युवा मंच के अध्यक्ष विभोर अग्रवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार अग्रवाल ने किया।

# भारतीय अंडर-19 टीम ने नौंवीं बार जीता एशिया कप

**अल अमीरात ( एजेंसी/चिंगारी )**। कप्तान लक्ष्य रायचंदानी (80), आर्यवीर सहवाग (58), मोहित उल्वा (नाबाद 49) और मनल चौहान (47) की शानदार पारियों की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने पाकिस्तान को शनिवार को आखिरी गेंद पर एक विकेट से हराकर एशियन क्रिकेट काउंसिल अंडर-19 एशिया कप का खिताब नौंवीं बार अपने नाम किया। मुकाबले में पिछड़ चुकी भारतीय टीम को मोहित उल्वा और मनल चौहान की जोड़ी ने दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन कर वापसी कराई और पाकिस्तान को एक विकेट से शिकस्त दी। मनल चौहान के आउट होने के बाद एक बार भारतीय उम्मीद को झटका लगा था, लेकिन आखिरी बल्लेबाज के रूप में मैदान पर उतरे चिगुरपति वेंकटा ने नाबाद 11 रनों की पारी खेलकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मोहित उल्वा ने 26 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 49 रन की मैच विजयी पारी खेली। 338 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय अंडर-19 टीम के लिए कप्तान लक्ष्य रायचंदानी और आर्यवीर सहवाग की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 95 रनों की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत की। 18वें ओवर में निकाब शरीफ ने आर्यवीर सहवाग (58) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये वीके विनीत ने लक्ष्य रायचंदानी के साथ दूसरे विकेट लिए 51 रन जोड़े। 27वें ओवर में रिजवानउल्लाह ने विनीत (24) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद भारतीय बल्लेबाजी लड़खड़ाती नजर आयी। इसी दौरान 37वें ओवर में शतक की ओर बढ़ रहे रायचंदानी (80) को अली रजा ने आउट कर भारत की उम्मीदों को तगड़ा झटका दिया। अर्जुन राजपूत (16), यशबर्धन चौहान (नौ), अन्वय द्रविड (19), आर्यन सवसानी (नौ), काव्य परेश पटेल आठ रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद मनल चौहान और मोहित उल्वा के साथ नौवें विकेट लिए 57 रनों की साझेदारी कर भारत की मैच में वापसी करा दी। इसी दौरान 48वें ओवर की दूसरी गेंद पर निकाब शरीफ ने मनल चौहान को आउट कर दिया। मनल चौहान ने 32 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 47 रनों की पारी खेली।

# रामकुमार ने दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दी

**नगीना ( चिंगारी )**। आजाद कालोनी निवासी 50 वर्षीय रामकुमार ने शनिवार रात घर में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या किए जाने का सही कारण अभी सामने नहीं आया है। शनिवार रात करीब आठ बजे रामकुमार ने घर में फंदा लगा लिया। काफी देर तक कोई हलचल न होने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। आनन-फानन में परिजन उन्हें लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी की। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह का कहना है कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।




26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 15 नवम्बर , 2026

## सूचना

मैंने अपने पुत्र फैसल अहमद व पुत्रवधू नगमा परवीन निवासी मौहल्ला रमपुरा मेरा कहना नहीं मानते हैं, इसलिए मैंने इन दोनों को ला-दावा कर दिया है। इन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा व मेरे परिवार का उपरोक्त फैसल अहमद व पुत्रवधू नगमा परवीन से कोई ताल्लुक वास्ता नहीं है। इन दोनों के किसी भी कृत्य से मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**-मौसूफ अहमद पुत्र स्व. मौ. उमर, निवासी मौहल्ला, रमपुरा नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

सभी जनपदवासियों को भैयादूज की हार्दिक शुभकानमाएं

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज





हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।









सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

# नजीबाबाद में दो घंटे तक लगा भीषण जाम, एंबुलेंस भी फंसी, मरीज की हालत गंभीर



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद में शनिवार को भीषण जाम की स्थिति देखने को मिली। जाम के कारण हरिद्वार रोड स्थित मालगोदाम चौराहे से लेकर मोटा चौराहा व झंडा चौक तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। करीब दो घंटे तक लगे जाम ने राहगीरों को भारी परेशानी में डाल दिया। जाम के दौरान एक एंबुलेंस भी फंसी नजर आई, जिसमें सवार मरीज की हालत गंभीर बताई जा रही थी। एंबुलेंस के जाम में फंसने से मरीज को समय पर अस्पताल पहुंचाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले की जानकारी मिलते ही सराय चौकी पुलिस व रमपुरा पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तथा वह जाम खुलवाने में जुट गए। पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद वहां जाम खुलवाकर यातायात सुचारु कराने का प्रयास किया। अब सवाल यह है कि नजीबाबाद में आए दिन लगने वाले जाम से आखिरकार आम जनता को कब व कैसे राहत मिलेगी? साथ ही एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं के लिए रास्ता उपलब्ध कराने की व्यवस्था कब सुनिश्चित होगी। नजीबाबाद में डबल फाटक फ्लाईओवर, बिजनौर रोड पर रोडवेज के बाहर, कृष्णा सिनेमा चौराहा, जगन्नाथ का चौराहा जाम का मुख्य केंद्र बना हुआ है। पुलिस प्रशासन के नगर में ई-रिक्शाओं के लिए रूट निर्धारित करने के बावजूद जाम की समस्या में कोई कमी देखने को नहीं मिल रही है। ई-रिक्शाएं बिना रूट के सभी क्षेत्रों में जा रही है। नगरवासियों ने जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दूसरा व्यक्ति घायल

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मंडावली थाना क्षेत्र के भागूवाला में हाईवे-34 पर खैरा ढाबे के समीप रॉन्ग साइड से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार भागूवाला में हाईवे पर टोल प्लाजा स्थापित है। यहां से गुजरने वाले वाहनों से टोल शुल्क वसूला जाता है। आरोप है कि कुछ वाहन चालक टोल टैक्स बचाने के लिए गलत दिशा से वाहन निकालते हैं। टोल प्लाजा से चंद कदम की दूरी पर खैरा ढाबे के समीप भी रॉन्ग साइड से आ रही पिकअप ने नजीबाबाद से हरिद्वार की ओर जा रही बाइक को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मंडावली पुलिस मौके पर पहुंची व दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से समीपुर स्थित सरकारी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने बाइक चालक रोहित कुमार (32वर्ष) पुत्र शोकिन सिंह निवासी टिहरी गढ़वाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं बाइक पर पीछे बैठे शैलेंद्र (40वर्ष) पुत्र बिजेंद्र सिंह निवासी हबाड़ा बसात थाना चमियाला, जनपद टिहरी गढ़वाल की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। हादसे के बाद क्षेत्र में रॉन्ग साइड वाहन चलाने की समस्या को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। गलत दिशा में वाहन चलाना न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे दूसरे वाहन चालकों की जान भी खतरे में पड़ रही है।



'गौ-गंगा-गीता-गायत्री-गणेश'

हमारी हिन्दू-संस्कृति का मूल आधार है।

## गोपाष्टमी-पर्व

सज्जनों और देवियों!

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मां-गंगा के पावन-तट, गंगा बैराज पर ब्रज गौशाला परिसर में गोपाष्टमी का पर्व दिनांक 17 नवम्बर 2026 दिन मंगलवार को निम्न कार्यक्रमानुसार आप सब गो-प्रेमियों के सहयोग से हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जायेगा, जिसमें आपकी सपरिवार एवं इष्ट मित्रों सहित उपस्थिति प्रार्थनीय है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष-
**श्री महेश कुमार शर्मा**
(ए.आर.टी.ओ, बिजनौर)

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि :
**श्री राजा भारतेंद्र सिंह**
(पूर्व सांसद, भाजपा, बिजनौर)
**डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल**
(मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, बिजनौर)

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि-
**प्रधानाचार्य डॉ. रमेश चंद्र गुप्ता**
(एल.एल.आर.एम., मेडिकल कॉलेज, मेरठ)
**श्री अमित गोयल**
( चेयरमैन, विवेक यूनिवर्सिटी, बिजनौर )
**डॉ. एन.पी. सिंह**
(सह प्रांत प्रशासनिक सम्पर्क प्रमुख धर्म जागरण समन्वय, मेरठ प्रांत)

कार्यक्रम

**मंगलवार, 17 नवम्बर, 2026**

हवन.....प्रातः 11.00 बजे
गौ पूजन.....प्रातः 12:00 बजे
भण्डारा एवं गो-महिमा पर भजनोपदेश कीर्तन आदि..... दोपहर 12:30 बजे

सम्पर्क सूत्र
9412657014
9412567709, 7906414709

निवेदक
ब्रज गौशाला द्वारा ब्रज सेवा समिति
नवलपुर बैराज, बिजनौर

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE






प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं
प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# नगीना का चिराग़-ए-अदब महमूद आज़म काज़मी 'सामरी'



**डा. शेख़ नगीनवी**

**नगीना सिर्फ एक क़स्बा नहीं, एक तहज़ीब है, एक लहजा है। बिजनौर ज़िले का यह छोटा सा शहर हिंदुस्तान के अदबी नक्शे पर इतना बड़ा इसलिए है कि यहां की मिट्टी ने सैकड़ों शायर, अदीब, लेखक, समीक्षक पैदा किए हैं। यह शायरी की ज़रखेज़ ज़मीन है, यह वह सरज़मीन है जहां की हवा में ग़ज़ल की खुशबू है और जिसकी मिट्टी में शेअर की तासीर है।**

इसी नगीना का एक मोहल्ला है 'सरायमीर' या 'मीर की सराय'। इस सरायमीर मोहल्ले का 'सादात परिवार' गत दो शताब्दी से शायरी और अदब की ख़िदमत कर रहा है। इस परिवार ने नगीना को बर्रे सगीर में एक अलग पहचान दी है। ऐसी अदबी ख़िदमत जो एक मुहल्ला के एक परिवार ने अंजाम दी है, वह बहुत से शहर ने भी नहीं दी होगी। इस परिवार की ख़ास बात यह है कि यहां सिर्फ़ मर्दों ने ही नहीं, औरतों ने भी घर की चारदीवारी में रहकर भी क़लम उठाया है, और मंज़र ए आम पर आकर भी मुशायरों व अदबी स्टेज से पेशकश की और यह रिवायत आज तक क़ायम है। आज 15 नवंबर को उनकी 91वीं जयंती के मौक़े पर हम उन्हें सिर्फ याद नहीं कर रहे, बल्कि उनकी शायरी और शिक्षा के क्षेत्र में की गई सेवा को समझने की कोशिश कर रहे हैं।

**91वीं जयंती पर विशेष**

महमूद आज़म काज़मी का जन्म नगीना के मोहल्ला सरायमीर में डॉक्टर हाफ़िज़ मोहम्मद आज़म के पढ़े-लिखे और शरीफ़ ख़ानदान में 15 नवंबर 1935 को हुआ था, जिनकी प्रारंभिक शिक्षा अंजुमन इशाते तालीम द्वारा संचालित मुस्लिम बॉयज (एम.बी. स्कूल) स्कूल, मौहल्ला अकाबरान, नगीना में हुई। उसके पश्चात उच्च शिक्षा के लिए महमूद आज़म काज़मी अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी गए और वहां से उर्दू, अंग्रेज़ी भाषा में एम.ए. की उपाधि प्राप्त की, उसके बाद उन्होंने बी.एड. किया। अलीगढ़ विश्वविद्यालय में अध्ययन के दौरान उनकी प्रतिभा को मानों पंख लग गए। उनके पुत्र आलमगीर के मुताबिक़ 1958 में जब वह स्टूडेंट्स यूनियन के सेक्रेटरी बने तो अलीगढ़ में ' करो और पढ़ो ' आंदोलन चलाया, जिसका मक़सद था कि तालिबे इल्म ख़ुद कमाएं, अपनी पढ़ाई पर अपना कमाया हुआ पैसा ख़र्च करें और घर वालों पर बोझ न बनें। यह सोच आज से 68 साल पहले कितनी तरक़्क़ी पसंद थी, इसका अंदाज़ा आज लगाया जा सकता है।



महमूद आज़म काज़मी ने विश्वविद्यालय से 'द अलीगढ़ यूनिवर्सिटी' का संपादन भी किया। एक खिलाड़ी के तौर पर वह 'विक़ार उल मुल्क हाल' की बैडमिंटन टीम के सदस्य थे, उन्होंने यूनिवर्सिटी के कई मुक़ाबलों में मेडल जीते थे।

ख़ानदानी माहौल और अलीगढ़ की अदबी फ़िज़ा ने उन्हें शायर बना दिया। उन्होंने अपना तख़ल्लुस ' सामरी ' रखा। उन्होंने शायरी में हम्द, नात, मर्सिया मन्क़बत ग़ज़लें और नज़्में लिखीं। लेकिन उनका ज़्यादा रूझान नज़्मों की जानिब रहा। मुशायरा और शेअरी नशिस्तों में भी मुस्तकिल शिरकत करते थे। गध में उन्होंने नाटक, रूपक और लेख आदि लिखे। दुर्भाग्य से उनका कोई मजमुआ कलाम (काव्य संग्रह) मंज़र-ए-आम पर नहीं आया, जबकि उनके पास स्वरचित काव्य का अच्छा ख़ासा ज़ख़ीरा मौजूद था। उन्होंने कई शायरों को शायरी के क्षेत्र में स्थापित करने में योगदान दिया। सामरी नगीनवी की शायरी शोर की शायरी नहीं, सोज़ की शायरी है। वह मुशायरों में तालियां बटोरने के लिए शेअर नहीं कहते थे, वह दिल से दिल की बात करते थे। उनके उस्ताद प्रोफ़ेसर ज़िया अहमद बदायूंनी थे, इसलिए उनके यहां फ़िक्र की पुख़्तगी और ज़बान की सफ़ाई दोनों मौजूद हैं। उनके चंद अशआर जो उनके पूरे फ़न को समझने के लिए काफ़ी हैं। आइए मुलाहिज़ा फ़रमाएं-

**तिश्नगी दिल की ज़माने से छुपा ली जाए/वरना पीने की कोई राह निकाली जाए।**

सामरी नगीनवी का यह सिर्फ एक शेअर नहीं, पूरी ज़िन्दगी का फ़लसफ़ा है। शायर कहता है कि दिल की प्यास, मुहब्बत की तलब, कुछ कर गुजरने की आरज़ू को ज़माने से छुपाकर रखो। यह दुनिया बहुत ज़ालिम है, यह तुम्हारी प्यास का मज़ाक़ उड़ाएगी। अगर ज़माना तुम्हारी प्यास को जान गया तो तुम्हें बदनाम कर देगा, इसलिए या तो इस प्यास को छुपा लो, या फिर अगर छुपा नहीं सकते तो फिर दुनिया की परवाह छोड़कर पीने का कोई रास्ता निकाल लो। यह शेर इश्क़-ए-हक़ीक़ी और इश्क़-ए-मजाज़ी दोनों पर सादिक़ आता है। यहां ' तिश्नगी ' लफ़्ज़ का इस्तेमाल बहुत ही ख़ूबसूरत है।

**देखता ही न हो जब कोई हमारी जानिब, अपने दामन में न क्यों आग लगा ली जाए।**

सामरी का यह शेर महबूब की बेरुख़ी और आशिक़ की बेबसी का बेहतरीन नमूना है। जब तुम्हें देखने वाला कोई न हो, तुम्हें पूछने वाला कोई न हो, तुम्हारी तरफ़ कोई निगाह उठाकर न देखता हो, तो ऐसी ज़िन्दगी जीने से क्या फ़ायदा? ऐसी ज़िन्दगी से तो बेहतर है कि इंसान ख़ुद अपने दामन में आग लगा ले, यानी अपनी हस्ती को खत्म कर दे। यहां ' आग लगा लेना ' एक अलामत है- शोर मचाने की, दुनिया की तवज्जो खींचने की। यह ग़ालिब के रंग का शेर है- जिसमें मायूसी के अंदर भी एक इंक़लाब छुपा है।

**सामरी ज़ीस्त न हो मौत तो आसां हो जाए, आस्तीं में हंसी नागिन फिर कोई पाली जाए।**

यह शेर उनके तख़ल्लुस 'सामरी' के इस्तेमाल के साथ उनकी ज़ात का आईना है।

शिक्षा के क्षेत्र में उनका बड़ा योगदान है। नगीना जैसे छोटे क़स्बे में दो तालीमी इदारे- ' नेशनल जूनियर हाई स्कूल ' और ' ए.के. मुस्लिम इंटर कॉलेज ' खड़े करना, किसी हुकूमत का नहीं, एक अकेले शख़्स के ख़्वाब का नतीजा है। उन्होंने इमारतें नहीं बनाईं, उन्होंने नस्लें बनाईं। वह जीवन भर शिक्षा के लिए समर्पित रहे। आज भी ये इदारे हज़ारों बच्चों को इल्म की रोशनी दे रहे हैं।

काज़मी साहब ने सिनेमा में भी किस्मत आज़माई। मुंबई की चकाचौंध से वह दूर नहीं रहे। फ़िल्म ' करम ' में मैक मोहन जैसे मंजे हुए अदाकार के साथ काम करना, ' सर सैयद ' फ़िल्म और ' ग़ज़ल ' डॉक्यूमेंट्री में काम करना यह बताता है कि वह अपने क़स्बे में क़ैद होकर नहीं रहते थे, उनका फ़लक बहुत बड़ा था।

वर्ष 2010 में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर वह मुस्तक़िल आन बैड रहे और 19 जनवरी 2017 को इस फ़ानी दुनिया से कूच किया। लेकिन वह मरे नहीं, वह अपने इदारों में अपनी शायरी में ज़िन्दा हैं। उनके द्वारा स्थापित किए गए शिक्षण संस्थान आज भी बच्चों को शिक्षित बना रहे हैं और उनके युवा पुत्र डॉक्टर आलमगीर काज़मी अपने पिता की विरासत को संभाले दोनों विद्यालयों को प्रशासनिक सेवाएं देने के साथ ही एक शायर के रूप में काव्य सृजन कर रहे हैं। उनकी पुत्री नैना काज़मी मुंबई में रहकर गीत, ग़ज़ल, भजन आदि की रचना कर उनके सपनों को साकार करते हुए देश-विदेश में नाम रोशन कर रही हैं। वह उन चिराग़ों में से थे जो आंधी में भी जलते रहते हैं, और बुझ जाने के बाद भी अपनी लौ दूसरों को दे जाते हैं।

**( लेखक मीडिया पोस्ट, दिल्ली के पूर्व साहित्यिक संपादक हैं )**

# हैनरीता सिंह को फिर सौंपी गई जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला कांग्रेस कमेटी बिजनौर की अध्यक्ष के रूप में श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह की पुनर्नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी नेतृत्व ने उनके संगठनात्मक अनुभव, परिश्रम, समर्पण और जमीनी सक्रियता पर भरोसा जताते हुए एक बार फिर जिले की जिम्मेदारी सौंपी है।



अपने पिछले कार्यकाल में हैनरीता राजीव सिंह ने संगठन को सक्रिय करने के साथ ही कार्यकर्ताओं में नया जोश और उत्साह भरने का प्रयास किया। धरना-प्रदर्शन,जनसंपर्क और विभिन्न जनहित के मुद्दों को लेकर वह लगातार सक्रिय रहीं। कांग्रेस के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राजेंद्रपाल गौतम, आराधना मिश्रा, मोना, इमरान मसूद और संजीव आर्य ने उनके नेतृत्व पर विश्वास जताया है। आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को देखते हुए उन्हें बिजनौर में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुनर्नियुक्ति के बाद अब उनके सामने जिले की सभी आठ विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की स्थिति मजबूत करने और संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय बनाने की चुनौती होगी। हैनरीता राजीव सिंह की पुनर्नियुक्ति को जिले में कांग्रेस संगठन के प्रति नेतृत्व के भरोसे के रूप में देखा जा रहा है। अब पार्टी की निगाहें आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और जिले की आठों सीटों पर मजबूत राजनीतिक दावेदारी पेश करने पर टिकी हैं।

# मॉडर्न एरा स्कूल में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन




## जिला टॉपर श्रेयांश सहित 25 मेधावी छात्र सम्मानित

**मंडावर ( चिंगारी )।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल मंडावर में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक अनिल कुमार चौधरी, अध्यक्ष ठाकुर गजेन्द्र सिंह, डॉ. सीमा बिस्वास, विद्यालय समिति सदस्य फैज हसन, अनीता चौधरी, प्रभा ठाकुर, सुम्बुल फैज एवं विद्यालय प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में विद्यालय के बाल वाटिका से कक्षा 10 तक के मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10 के जिला टॉपर श्रेयांश उपाध्याय सहित अन्य मेधावी छात्रों को पुरस्कार व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक अनिल कुमार चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा बिस्वास ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के अंदर विशेष प्रतिभा होती है। विद्यालय प्रधानाचार्य अतुल कुमार गोस्वामी ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन का परिणाम होती है।

# अखिलेश यादव कन्फ्यूज नेता- आकाश आनंद

## भाजपा सरकार को बताया किसान विरोधी

**अफ़ज़लगढ़ (चिंगारी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि देशवासियों का पेट भरने वाले किसानों को आज अपनी फसलों का वाजिब भुगतान भी वक्त पर नहीं मिल पा रहा है, जिससे उन्हें साहूकारों के घरों का रास्ता देखना पड़ता है। उन्होंने सपा को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि अखिलेश यादव कंफ्यूज नेता हैं जिनके गले में नीला पट्टा देख एक बार लगा कि जैसे उन्होंने बसपा ज्वाइन कर ली हो।

आकाश आनंद शनिवार की दोपहर अफजलगढ़ में आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भाजपा सरकार और सपा-कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अखिलेश यादव को अपना मित्र बताते हैं और अखिलेश पूर्व भाजपा सांसद के बेटे को टिकट देकर भाजपा का हमदर्द होने का सबूत देते हैं, जिसे देख सब जान चुके हैं कि भाजपा की बी टीम कौन है। बढ़ापुर वि.स. सीट से तान्या नागपाल को बसपा प्रत्याशी घोषित करते हुए उन्होंने कहा कि 2027 में मायावती एक बार फिर मुख्यमंत्री बनने जा रही हैं जिसके बाद प्रदेश का चहुमुंखी विकास होगा। उन्होंने आगे कहा कि सपा, भाजपा, कांग्रेस हमारे लोगों की आंखों में धूल झोंकती आ रही हैं, ऐसी पार्टियों से सतर्क रहना होगा जिन्होंने हमारे समाज को कभी आगे नहीं बढ़ने दिया।



अफजलगढ़ में जनसभा को संबोधित करते बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद।

किसानों की बात करते हुए आकाश आनंद ने कहा कि जो किसान देश का पेट भरता है अगर भाजपा सरकार उसके हित में सोचती तो वहीं किसान धन्ना सेठों के आगे हाथ फैलाने को मजबूर नहीं होता। आकाश आनंद ने भाजपा सरकार को सरकारी स्कूलों को बंद करने, गैस, डीजल, पेट्रोल, दवाओं, खाद्य पदार्थों पर बढ़ती मंहगाई व देश की बिगड़ी अर्थव्यवस्था का जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेश की इन तमाम समस्याओं के समाधान हेतु बसपा को मजबूत करने का लोगों से आह्वान किया। आकाश आनंद के संबोधन से पूर्व उपस्थित बसपा पदाधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया और मुकुट पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। वरिष्ठ बसपा नेता ग्रीसचंद व मुनकाद अली के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में तान्या नागपाल बसपा जिलाध्यक्ष, मंडल कोऑर्डिनेटर्स सहित अनेक वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी व क्षेत्रीय नेतागण मंचासीन रहे।

# प्रदर्शन करने वालों पर दर्ज मुकदमे वापस हों

### भाजपा जिला मंत्री तिलकराज सैनी ने प्रभारी मंत्री से की मांग



प्रभारी मंत्री के समक्ष अपनी बात रखते हुए भाजपा जिला मंत्री तिलकराज सैनी।

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिले में हुए जघन्य हत्याकांडों के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हजारों लोगों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग उठी है। भाजपा जिला मंत्री तिलकराज सैनी ने जनपद बिजनौर के प्रभारी मंत्री के समक्ष इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया है।

भाजपा जिला मंत्री तिलकराज सैनी ने बताया कि विधानसभा नूरपुर के ग्राम पुरैना में परवेंद्र-गीता दंपति हत्याकांड, विधानसभा नहटौर के नगर हल्दौर में आकाश सैनी हत्याकांड, विधानसभा चांदपुर की स्टील सरिया फैक्ट्री में सुधीर कुमार रुकनपुर हत्याकांड और विधानसभा चांदपुर के ग्राम हैजरपुर में प्रशांत सैनी हत्याकांड के विरोध में लोगों ने प्रदर्शन किया था। इन प्रदर्शनों के दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर सरकारी कार्य में बाधा डालने और सड़क जाम करने के मुकदमे दर्ज किए थे। तिलकराज सैनी ने कहा कि उन्होंने समय-समय पर पार्टी के उच्च पदाधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। कल प्रभारी मंत्री के साथ जिले की समस्याओं पर चर्चा के दौरान उन्होंने पुन: मांग की कि जनहित में इन मुकदमों को तत्काल वापस लिया जाए, ताकि आमजन को राहत मिले और सरकार के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश व सहानुभूति बनी रहे। उन्होंने कहा कि जब तक मुकदमे वापस नहीं लिए जाएंगे, वह अपनी बात को प्रमुखता से उठाते रहेंगे। प्रभारी मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने मांग को गंभीरता के साथ सुना। उन्होंने नियमानुसार कारवाई का आश्वासन दिया।

# तिगरी और गढ़ गंगा मेले को पीपे के पुल से जोड़ने की तैयारी, श्रद्धालुओं को मिलेगी आवागमन में सुविधा- मुख्यमंत्री योगी

### 15 से 25 नवम्बर तक चलेगा तिगरी मेला

**अमरोहा (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को तिगरी धाम कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि तिगरी और गढ़मुक्तेश्वर के ऐतिहासिक गंगा मेलों को आपस में जोड़ने की घोषणा को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है। गंगा नदी पर पीपे का पुल बनाकर दोनों मेलों को जोड़ने से श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी और मेले की भव्यता भी बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री ने मेले को लोकल फॉर वोकल की थीम पर आयोजित करने के साथ स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने मेले में विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल और एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत प्रदर्शित स्थानीय उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनका हालचाल भी जाना। इसके बाद मां गंगा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन और आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़ गंगा मेला ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व का आयोजन है। यह हमारी धार्मिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत पहचान का प्रतीक है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अमरोहा और हापुड़ के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ मेला व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी हापुड़ कविता मीना जिलाधिकारी अमरोहा डॉ. नितिन गौड़ ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से तिगरी गंगा मेले की तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। इसमें घाटों के निर्माण एवं विकास, गंगा नदी पर पीपे के पुल, श्रद्धालुओं के आवागमन, यातायात और पार्किंग व्यवस्था के साथ सुरक्षा, प्रकाश, पेयजल, शौचालय, स्वच्छता, महिलाओं के चेंजिंग रूम और स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित इंतजामों की जानकारी शामिल रही। जिलाधिकारी ने मेले को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सेक्टर और जोनवार प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की तैनाती तथा उनके दायित्वों से भी अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं और किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। मेले में साफ-सफाई, श्रद्धालुओं के ठहरने, खानपान, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जनपद अमरोहा में राजकीय कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेला तिगरी-2026 का आयोजन 15 नवंबर से 25 नवंबर तक किया जाएगा। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से घाटों के निर्माण से लेकर यातायात, सुरक्षा, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित तैयारियां कराई जा रही हैं। इस अवसर पर सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर, धनौरा विधायक राजीव तरारा, हसनपुर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा अमरोहा एवं हापुड़ के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।




मुख्यमंत्री को शिवजी की मूर्ति भेंट करते हुए अधिकारीगण।

# बाग में पेड़ से लटकी मिली युवक की लाश, सनसनी फैली आस-पास

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** यहां ईदगाह के नजदीक स्थित एक आम के बाग में पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान ललित पुत्र बेगराज (20 वर्ष) निवासी मोहल्ला गौहर अली खान अफजलगढ़ के रूप में हुई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों न उसकी मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है।


बाग में शव पर विलाप करते परिजन।


फाइल फोटो मृतक का।

बताया जाता है कि युवक शनिवार की रात करीब 11 बजे से घर से लापता था। रविवार की सुबह ईदगाह की ओर से बैलगाड़ी लेकर गुजर रहे कुछ लोगों की नजर पेड़ पर लटके शव पर पड़ी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# क्षेत्र का बढ़ा मान, मयंक ने प्राप्त किया तीसरा स्थान

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** शनिवार को वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन द्वारा देहरादून उत्तराखंड में आयोजित बॉडीबिल्डिंग एनुअल स्टेट चैंपियनशिप में नगर के मोहल्ला चिरंजीलाल निवासी मयंक पंडित पुत्र हुकम चंद ने तीसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मयंक पंडित ने बताया कि देहरादून में आयोजित हुई इस चैंपियन शिप में उत्तराखंड और यूपी के 50 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया था, जिसमें से उन्हें बॉडी बिल्डिंग में तीसरा और मेन फिजिक्स में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। मयंक की इस सफलता पर परिजनों व नगरवासियों ने गर्व महसूस करते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना की है।



ट्रॉफी के साथ मयंक पंडित।

# सुन्दर सिंह राणा ने किया जनसम्पर्क

**नूरपुर ( चिंगारी )।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी से टिकिट के दावेदार सुन्दर सिंह राणा ने विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने ग्राम सदाफल, कुरी बांगर, अलियारपुर, कासिमाबाद में जनसम्पर्क किया। उन्होंने ग्रामवासियों को भारतीय जनता पार्टी की नीतियों व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रधान संजीव कुमार, इंदर सिंह, खान चंद, यशपाल सिंह ओम प्रकाश, गेंदा सिंह, दिनेश कुमार प्रधान, हुकम सिंह, राणा, योगेश सिंह, राजेश कुमार बूथ अध्यक्ष, भूपेन्द्र कुमार प्रधान, योगेश कुमार शर्मा, ओमप्रकाश, गोपाल सिंह, कैलाश कुमार, कमलेश कुमार, हुकम सिंह मलिक उपस्थित रहे।


जनसंपर्क करते सुन्दर सिंह राणा।

# दहेज में चाहिए माल, मारपीट कर घर से दिया निकाल

**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव बिशनपुरा बिडरा निवासी विवाहिता निशा परवीन ने बताया कि उसकी शादी करीब 6 वर्ष पूर्व जनपद मुरादाबाद के थाना क्षेत्र कांठ के गांव बिचपुरी निवासी मेहरुद्दीन पुत्र मलवा के साथ हुई घी। विवाहिता का आरोप है कि उसकी ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे। जिस पर पति मेहरुद्दीन, जेठ अलाऊद्दीन, जेठानी फातमा, ससुर मलवा, सास खुर्शीदा व देवर अरमान ने एक लाख रुपए की मांग करते हुए मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता का तहरीर पर कार्यवाही करते हुए ससुराल पक्ष की दो महिलाओं समेत 6 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# मकान पर मालिकाना हक़ को लेकर विवाद में पुलिस ने किया दो का चालान

**धामपुर ( चिंगारी )।** दुर्गा विहार कॉलोनी में एक तीन मंजिला कोठी के विवाद को लेकर अतुल कुमार पुत्र महिपाल सिंह निवासी ग्राम केदारपुर द्वारा थाने में दर्ज कराई गई नामजद रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपियों रामकुमार प्रजापति व उनके पुत्र शिवम को गिरफ्तार करके उनका चालान कर दिया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मकान पर ताला लगवा दिया गया है। एएसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि मकान के बैनामा की जांच कराई जाएगी, उसी के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। दुर्गा विहार कॉलोनी निवासी रामकुमार प्रजापति ने कारोना काल में अपने मकान पर बैनामा रखकर बैंक से हाउस लोन लिया था। बताया जाता है कि ग्राम केदारपुर निवासी अतुल कुमार ने रामकुमार प्रजापति का लोन चुकाकर बैनामें के आधार पर मकान को खरीद लिया था। इसके बाद इस मकान में उनके किरायेदार आकाश कुमार रह रहे थे। आरोप है कि शुक्रवार की रात को रामकुमार प्रजापति उनका पुत्र शिवम पत्नी व पुत्र मकान का ताला काट कर उसमें दाखिल हो गए और मकान को अंदर से बंद कर दिया। रामकुमार प्रजापति का आरोप है कि बैनामा फर्जी है और यह मकान मेरा है। इस मामले को लेकर अतुल कुमार ने पुलिस में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी, जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रामकुमार प्रजापति व उनके परिजनों को मकान से बाहर निकाला और पकड़कर कोतवाली ले आए आज उनका चालान कर दिया गया है। फिलहाल मकान पर ताला लगा हुआ है।

## मकान में डाला पुलिस ने ताला

# बाल दिवस पर स्कूल प्रबंधन ने परोसे, बच्चों को बिस्कुट, चॉकलेट और समोसे



**नहटौर ( चिंगारी )।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को बाल दिवस उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसका संचालन शिक्षकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए शिक्षकों द्वारा उन्हें विभिन्न प्रकार के सुंदर एवं आकर्षक उपहार भेंट किए गए। साथ ही बच्चों को समोसे, बिस्कुट, चॉकलेट एवं अन्य स्वादिष्ट खाद्य सामग्री वितरित की गई। इसके पश्चात बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साह और उमंग के साथ खेलों में भाग लिया तथा कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। विद्यालय का वातावरण खुशियों और उल्लास से सराबोर रहा।

# काटने पहुंचा था बछड़ा, पुलिस ने फ़ैजान को पकड़ा

**स्योहारा ( चिंगारी )।** पुलिस ने गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटनास्थल के पास झाड़ियों में छिपाकर रखा गया पशु

## चापड़-छुरी बरामद

काटने का चापड़ और छुरी भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 11 नवंबर को ग्राम रवाना शिकारपुर निवासी फुरकान अहमद ने तहरीर देकर बताया था कि ग्राम खाना शिकारपुर में नहर की पटरी के किनारे गोवंशीय पशु के अवशेष पड़े हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

जांच के दौरान पुलिस ने 14 नवंबर को प्रकाश में आए आरोपी फैजान निवासी ग्राम रसूलपुर चौराहा, थाना छजलैट, जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने



उसकी निशानदेही पर नहर किनारे झाड़ियों में छिपाकर रखा गया एक चापड़ और एक छुरी बरामद की। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि सात नवंबर को वह अपने मामा सद्दाम निवासी ग्राम दौलतपुर, थाना नूरपुर और उवैश निवासी मोहल्ला हजरतनगर, थाना नूरपुर के साथ मोटरसाइकिल से रवाना शिकारपुर के पास नहर की पटरी पर पहुंचा था। आरोप है कि तीनों ने झाड़ियों की आड़ में एक आवारा बछड़े को पकड़कर काटने और उसका मांस बेचने की योजना बनाई थी। इसी दौरान ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने पर तीनों वहां से भाग निकले थे। आरोपी ने बताया कि भागते समय वह चापड़ और छुरी अपने साथ ले गया था और बाद में उन्हें झाड़ियों में छिपा दिया था। पुलिस ने दोनों उपकरण बरामद कर लिए हैं।

# क़ानून व्यवस्था, मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता

## नवागत जिलाधिकारी ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद कहा

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद के नवागत जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने शनिवार शाम कोषागार पहुंचकर विधिवत रूप से जिलाधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और जनपद में अपनी प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी साझा की।



नवागत जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह वर्ष 2015 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और मूल रूप से जनपद मथुरा के निवासी हैं। बिजनौर में तैनाती से पूर्व वह रामपुर के जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। इसके अलावा वह बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सहित प्रशासनिक सेवा के कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकताएं ही उनकी प्राथमिकताएं होंगी। जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। इसके साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी और लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना तथा योजनाओं का निर्धारित समयसीमा में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाएगा। उनका प्रयास रहेगा कि जनपदवासियों को बेहतर प्रशासन और सुशासन उपलब्ध हो तथा शासन की मंशा के अनुरूप विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा कराया जाए। इससे पूर्व कोषागार पहुंचने पर अधिकारियों ने नवागत जिलाधिकारी का बुके भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




# इमामबाड़े में हुई मजलिस-ए-अय्याम-ए-फ़ातिमा ज़हरा की तीसरी मजलिस

**बिजनौर (चिंगारी)।** बीती रात 8:30 बजे मोहल्ला बुखारा स्थित इमामबाड़ा में अय्याम-ए-फातिमा की तीसरी मजलिस आयोजित की गई। मजलिस का आयोजन रसूले खुदा हज़रत मोहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की बेटी हज़रत बीबी फातिमा ज़हरा (स.अ.) की शहादत के सिलसिले में किया गया। मजलिस की शुरुआत में सज्जाद नक़वी और उनके हनवाओं ने मर्सिया ख़्वानी की। इसके बाद मौलाना सैयद खुर्शीद अब्बास बलियानवी ने बीबी फातिमा ज़हरा (स.अ.) के फ़ज़ायल और मसायब बयान किए। मौलाना ने अपने बयान में कहा कि रसूले खुदा की वफ़ात के बाद बीबी फातिमा ज़हरा (स.अ.) को उस दौर के हाकिमों की ओर से काफी तकलीफें पहुंचाई गईं। उन्होंने बताया कि जो बाग़ रसूले खुदा ने बीबी को दिया था, उस पर



क़ब्ज़ा कर लिया गया। जब बीबी अपना हक़ मांगने दरबार पहुंचीं तो उन्हें झूठा बताया गया और रसूले खुदा के हाथों लिखी तहरीर को फाड़ दिया गया। उन्होंने आगे बताया कि बीबी को लगातार परेशान किया गया और उन पर जुल्म किये गये। यहां तक कि हज़रत अली (अ.स.) के गले में रस्सी बांधकर ले जाने की कोशिश की गई। मौलाना के बयान के मुताबिक, बीबी की बददुआ के बाद मदीने में ज़लज़ला आने लगा, जिसके बाद हज़रत अली को छोड़ना पड़ा। कुछ दिनों बाद बीबी फातिमा ज़हरा (स.अ.) की शहादत हो गई और उन्हें जन्नतुल बक़ी में दफ़नाया गया। मौलाना ने जन्नतुल बक़ी का ज़िक्र करते हुए कहा कि आले सऊद की हुकूमत आने के बाद बीबी के मज़ार को गिरा दिया गया। इसके अलावा जन्नतुल बक़ी में कई असहाब-ए-रसूल के मज़ारों को भी ध्वस्त कर दिया गया। मजलिस के दौरान हदीस के बाद मातम बरपा हुआ। इस मौके पर कामरान ताहिर, सलमान ताहिर और ज़ैदी मुज़फ़्फ़रनगरी ने नौहा पढ़ा। मजलिस का एहतमाम मुजाहिद नक़वी साहब की जानिब से किया गया।

# एच.एम. पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

**बिजनौर (चिंगारी)।** शनिवार को हरपति मेमोरियल पब्लिक स्कूल, बिजनौर में पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम स्कूल के चेयरमैन अशोक कुमार चौधरी, प्रबंधक कुसुम चौधरी तथा स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव सहरावत ने नेहरू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। असेंबली का संचालन अध्यापिका सूफिया ने किया। अध्यापिका संध्या ने प्रतिज्ञा कराई। अध्यापक अशोक कुमार ने पं. जवाहरलाल नेहरू पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अध्यापिका लक्ष्मी ने बाल-दिवस पर कविता सुनाकर बच्चों का मन मोह लिया। अध्यापिका मोहिनी ने भी फोन से क्या लाभ



और क्या हानि होती है, विस्तार से समझाया। अंत में स्कूल के चेयरमैन अशोक कुमार चौधरी ने सभी बच्चों को बाल-दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# रस्साकशी में बच्चों ने लगाया खूब जोर

**नांगल सोती (चिंगारी)।** राष्ट्रीय बाल दिवस पर गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर में योग प्रशिक्षण शिविर एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छोटे-बड़े सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। स्कूल के एमडी डालचंद पाल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रस्साकशी प्रतियोगिता रही। बालिकाओं के वर्ग में कक्षा 7 की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बालकों के वर्ग में कक्षा 8 की टीम विजेता रही। विजेता टीमों का सभी बच्चों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया तथा स्कूल की ओर से उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस दौरान छोटे बच्चों ने भी विभिन्न एक्टिविटी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। कार्यक्रम का संचालन सचिन प्रजापति ने किया। एम.डी. डालचन्द पाल, प्रधानाचार्य शूरवीर राजपूत, उपप्रधानाचार्य अंतरेश भुईयार, वीरेन्द्र शर्मा, योगेश चौहान, टी.के.डी. शर्मा ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनायें देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# बिजनौर टाइम्स की वर्षगांठ पर हुई वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**राजा का ताजपुर (चिंगारी)। आर के एसएम पब्लिक स्कूल में दैनिक टाइम्स की 63वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

प्रतियोगिता का शुभारम्भ विद्यालय प्रबंधक बलराम सिंह ने टॉस उछालकर किया। प्रतियोगिता में विवेकानंद क्लब, शिवाजी क्लब, नेहरू क्लब की टीम ने भाग लिया। व्यायाम टीचर अनुराग त्यागी, हरिओम शर्मा, रोहित कुमार ने बॉलीबाल प्रतियोगिता सम्पन्न कराई। समापन कार्यक्रम में बिजनौर टाइम्स ग्रुप के वरिष्ठ प्रतिनिधि कमलजीत सिंह नूर ने कहा कि हमारे सामाजिक, शैक्षिक विकास में समाचार-पत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अख़बार नियमित पढ़ना चाहिए। बिजनौर टाइम्स




जिले का पहला हिंदी दैनिक समाचार-पत्र है, जिसका प्रकाशन जिले के महान साहित्यकार, लेखक, बाबू सिंह चौहान ने 1963 में किया था। इसमें स्कूली प्रोग्राम, बच्चों के कार्यक्रम की न्यूज़ को विशेष महत्व दिया जाता है। प्रतियोगिता में विजयी टीम व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को प्रधानाचार्य आशाराम ने शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन स्वाति चौहान ने किया।

# मिशनरी पत्रकारिता बिजनौर टाइम्स की पहचान- ओमकुमार

## उल्लासपूर्वक मनाई गई बिजनौर के प्रथम हिंदी दैनिक की 63वीं वर्षगांठ



वर्षगांठ विशेषांक का विमोचन करते हुए मुख्य अतिथि एवं संस्थान के सदस्य।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि ओमकुमार एवं प्रधान संपादक चंद्रमणि रघुवंशी।

**बिजनौर ( चिंगारी )। बिजनौर जनपद के प्रथम हिंदी दैनिक समाचार-पत्र बिजनौर टाइम्स की 63वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ओमकुमार ने किया। इस अवसर पर प्रकाशित वर्षगांठ विशेषांक का विमोचन किया गया। साथ ही संस्थान की ओर से कुछ वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित भी किया गया।**

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु के जन्मदिन पर 14 नवम्बर 1963 को बिजनौर टाइम्स का प्रकाशन आरंभ हुआ था। इन 63 वर्षों में बिजनौर टाइम्स जनता के सुख-दुख का सहभागी बना। जनपद के विकास में भी बिजनौर टाइम्स की



प्रधान संपादक श्री चंद्रमणि रघुवंशी को सम्मानित करते हुए विधायक ओमकुमार।

यशस्वी पत्रकार एवं संपादक बाबूसिंह चौहान का स्मरण करते हुए ग्रुप संपादक चंद्रमणि रघुवंशी एवं प्रबंधक संपादक सूर्यमणि रघुवंशी ने उनके बताये मार्ग पर अडिग रहने का संकल्प व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि



मुख्य अतिथि ओमकुमार का स्वागत करते हुए शुभ रघुवंशी।

महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान बिजनौर टाइम्स अनेक ऐतिहासिक घटनाओं का साक्षी भी रहा। लंबा सफर तय करने के बाद बिजनौर टाइम्स आज भी मिशनरी पत्रकारिता का पहरुआ बना हुआ है।

बिजनौर टाइम्स संस्थान में शनिवार को 63वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक सादा समारोह आयोजित कर बिजनौर टाइम्स के संस्थापक बाबूसिंह चौहान के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ओमकुमार ने अपने संबोधन में बिजनौर टाइम्स की नीति-रीति की सराहना करते हुए कहा कि तमाम बाधाओं, अभावों और झंझावतों के बावजूद 63 साल तक मिशनरी पत्रकारिता पर टिके रहना दैनिक बिजनौर टाइम्स और उसके संपादकों की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि दैनिक बिजनौर टाइम्स को समाज के सभी वर्गों में बहुत सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है।

इससे पूर्व चंद्रमणि रघुवंशी व सूर्यमणि रघुवंशी ने दैनिक बिजनौर टाइम्स की 63 वर्षों की यात्रा पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए कहा कि जिन मूल्यों और लक्ष्य को लेकर श्रद्धेय बाबूसिंह चौहान ने दैनिक बिजनौर टाइम्स का प्रकाशन किया था, उसी दिशा में आगे बढ़ते रहेंगे। शुभ रघुवंशी ने चिंगारी डिजिटल के बारे में जानकारी दी।

### वर्षगांठ विशेषांक का विमोचन हुआ

मुख्य अतिथि ओमकुमार एवं प्रधान संपादक चंद्रमणि रघुवंशी एवं संस्थान के अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से वर्षगांठ विशेषांक का विमोचन किया। विशेषांक में देश के प्रख्यात हिंदी भाषा विज्ञानी प्रो. देवराज, प्रोफेसर अमित कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार श्री वी.पी. गुप्ता, श्री राशिद मलिक, श्री रुकन राजपूत, श्री अजय जनमेजय के महत्वपूर्ण आलेख एवं श्री चंद्रमणि रघुवंशी का संपादकीय प्रकाशित हुये हैं।

## संस्थान के वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित किया गया

**दैनिक बिजनौर टाइम्स की 63वीं वर्षगांठ के अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ सदस्यों सर्वश्री वेदव्रत वेणु, विपिन भारद्वाज, सुभाष वर्मा, जागन सिंह, पान सिंह रावत को शॉल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। चंद्रमणि रघुवंशी व सूर्यमणि रघुवंशी ने इन सहित संस्थान के सभी सदस्यों, संवाददाताओं व एजेंटों आदि के योगदान की सराहना की। संपादक मण्डल एवं प्रबंध-तंत्र की ओर से सर्वश्री मरगूब रहमानी, वेदव्रत वेणु, विपिन भारद्वाज, हुक्का बिजनौरी ने बिजनौर टाइम्स की संपादकीय नीति एवं प्रबंधकीय व्यवस्था की जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थान के सभी सदस्य तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।**



श्री विपिन भारद्वाज



श्री वेदव्रत वेणु



श्री जागन सिंह



श्री सुभाष वर्मा



श्री पान सिंह रावत

# नांगल में धूमधाम से मनायी गयी बिजनौर टाइम्स की 63वीं वर्षगांठ

### चौहान साहब ने अपनी लेखनी से बिजनौर को गौरवान्वित किया : राजीव चौहान

### जनपद की पहचान है बिजनौर टाइम्स समूह - केशव शरण

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** सांध्य दैनिक चिंगारी के अभिभावक समाचार-पत्र दैनिक बिजनौर टाइम्स की 63 वीं वर्षगांठ नांगल सोती में भी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलिज में केक काटा गया और गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने कहा कि चौहान साहब ने अपनी लेखनी से जनपद बिजनौर को गौरवान्वित किया है।

वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण ने कहा कि बिजनौर टाइम्स और चिंगारी जनपद बिजनौर की पहचान हैं। इस दौर में भी मिशनरी पत्रकारिता की पताका को मजबूती से थामे हुए यह संस्थान प्रत्येक जनपदवासी को गौरवपूर्ण अनुभूति कराता है। बिजनौर जनपद बाबू सिंह चौहान के नाम से भी जाना जाता है। प्रवक्ता हरवीर सिंह ने स्व. बाबू सिंह चौहान को याद करते हुए कहा कि वे साधारण मनुष्य की भाँति रहने वाले असाधारण व्यक्तित्व के महान इन्सान थे। बिजनौर टाइम्स समूह के दोनों समाचार-पत्रों ने सदैव मिशनरी पत्रकारिता की है। जनहित की पत्रकारिता करना ही इस संस्थान का उद्देश्य है।

शिक्षक विवेक कुमार, सत्यप्रकाश आर्य एवं लिपिक भीमसैन हल्दिया ने कहा कि बिजनौर टाइम्स की मिशनरी पत्रकारिता इसे औरों से अलग और विशेष बनाती है। बिजनौर टाइम्स के स्थानीय प्रतिनिधि रुकन राजपूत ने बिजनौर टाइम्स और इसके संस्थापक, मूर्धन्य पत्रकार स्व. बाबू सिंह चौहान की संघर्ष यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इस संस्थान के सम्पादकों, प्रतिनिधियों ने समय-समय पर प्रण लिया है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी विषम हों, मगर वे मिशनरी पत्रकारिता की अपनी डगर से विचलित नहीं होंगे। प्रवक्ता विपिन कुमार यादव, बसंत यादव, राकेश सैनी, कमल सिंह, सहदेव राजपूत, मो. अरशद, राजपाल सिंह, कुलदीप सिंह, लोकेन्द्र सिंह, अमित शर्मा सहित कई शिक्षक तथा कर्मचारी मौजूद रहे।



### मिशनरी पत्रकारिता के लिये संकल्पबद्ध है बिजनौर टाइम्स समूहः रुकन राजपूत

# बिजनौर का गौरव 'बिजनौर टाइम्स'

जनपद बिजनौर की पत्रकारिता को मैं नमन करता हूं कि जिसने संपूर्ण भारतवर्ष में ही नहीं अपितु विश्व भर में भी जनपद बिजनौर का नाम गौरवान्वित किया है। वास्तव में जनपद बिजनौर एक ऐसा जनपद है जिसकी भूमि ने अनेक सुविख्यात साहित्यकार, कवि, लेखक, संपादक एवं पत्रकारों को जन्म दिया। जिन्होंने अपने लेखन एवं विचारों से साहित्य एवं पत्रकारिता जगत में अपना विशेष स्थान बनाया। मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है कि अभी कुछ दिनों पूर्व चिंगारी सांध्य दैनिक समाचार-पत्र ने अपने जीवनकाल के 41 वर्ष पूर्ण कर 42 वें वर्ष में प्रवेश किया था। वहीं बिजनौर टाइम्स समाचार-पत्र ने भी अपने जीवनकाल के 63 वर्ष पूर्ण कर 64 वें वर्ष में प्रवेश किया है, जो अपने आप में एक गौरवपूर्ण बात है।

बिजनौर टाइम्स समाचार-पत्र का प्रथम प्रकाशन 14 नवम्बर सन् 1963 को हुआ, जबकि 26 जनवरी सन् 1950 को साप्ताहिक चिंगारी और फिर सन् 1985 में सांध्य दैनिक चिंगारी समाचार-पत्र का प्रकाशन व संपादन यशस्वी पत्रकार एवं संपादक स्वर्गीय बाबू सिंह चौहान द्वारा किया गया था। बाबू सिंह चौहान यशस्वी साहित्यकार भी थे, जिन्होंने अनेक निबंध, लघु कथा, कहानी, संस्मरण व नाटकों का लेखन कर साहित्य जगत में भी अपना स्थान बनाया।



मुझे प्रसन्नता हो रही है कि आज बिजनौर टाइम्स एवं चिंगारी सांध्य दैनिक समाचार-पत्रों का प्रकाशन निर्बाध गति से उनके सुपुत्र एवं यशस्वी पत्रकार चंद्रमणि रघुवंशी एवं सूर्यमणि रघुवंशी बड़ी निष्ठा एवं श्रद्धा के साथ कर रहे हैं, जो अपने पिता श्री की पत्रकारिता विरासत का संरक्षण एवं संवर्धन करने में कृत संकल्प हैं।

मेरी दृष्टि में बिजनौर टाइम्स एक ऐसा समाचार-पत्र है जो जनपद बिजनौर के गौरव को निरंतर बढ़ा रहा है। जनपद बिजनौर शिक्षा, साहित्य पत्रकारिता, कला, संस्कृति एवं भाषा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण है।

मैं बिजनौर टाइम्स के प्रति शुभकामनाएं देता हूं यह समाचार-पत्र जनपद बिजनौर की विजय पताका को पत्रकारिता के क्षेत्र में फहराये तथा समाज का पथ प्रदर्शक बने।



**-डॉ. सुशील कुमार त्यागी अमित**
**( हिंदी साहित्यकार एवं कवि ) गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर, हरिद्वार**

# प्रभारी मंत्री ने किया व्यापारियों से सीधा संवाद

## नगीना रोड पर आरओबी और संपर्क मार्ग निर्माण की मांग उठी

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में उद्यमियों एवं व्यापारियों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिये।

संवाद के दौरान उद्यमियों ने जनपद में सरकारी निर्माण कार्यों में शासनादेश के अनुसार फ्लाई ऐश ईंटों का प्रयोग सुनिश्चित कराने की मांग रखी। इस पर प्रभारी मंत्री ने मुख्य विकास अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जसपुर स्थित फैक्ट्री तक आवागमन के लिए करीब 200 मीटर लंबे संपर्क मार्ग के निर्माण की मांग पर भी संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने को कहा। उद्यमियों ने नगीना




रोड रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण का मुद्दा भी उठाया। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को सक्षम स्तर पर पत्राचार एवं समन्वय स्थापित कर इस दिशा में गंभीरता से प्रयास करने के निर्देश दिए।

बैठक में विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं भी रखी गईं। प्रभारी मंत्री ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को नियमानुसार शीघ्र समाधान कराने के निर्देश दिये।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# बाल दिवस पर प्रतियोगिताओं का आयोजन



**बिजनौर (चिंगारी)।** एलआरडी एसवीएम इंटर कॉलेज मण्डावर में बाल दिवस के अवसर पर बौद्धिक एवं शारीरिक प्रतियोगिताओं का अयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में विद्यालय के प्रबंधक भूदेव सिंह ने पंडित जवाहरलाल नेहरु के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य दिलावर सिंह ने विद्यार्थियों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, व्यक्तित्व, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। आचार्य अमित कुमार ने बताया कि बच्चों के प्रति नेहरू के विशेष प्रेम एवं लगाव के कारण उनके जन्मदिवस 14 नवम्बर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

बाल दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में निबन्ध, चित्रकला बौद्धिक ,भाषण , सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के साथ-साथ लंबी कूद, चम्मच दौड़, बोरी दौड़, पुस्तक संतुलन दौड़ एवं रस्साकशी जैसी खेल प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं।

# मांग पूरी न होने पर 18 को बीएसए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे शिक्षक

**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में संगठन के ब्लॉक स्तरीय निर्वाचन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही शिक्षकों के शैक्षिक प्रमाण पत्र के सत्यापन का विरोध कर 18 नवंबर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देने की रूपरेखा तैयार की गई।

उत्तर प्रदेशिय प्राथमिक शिक्षा संघ की बैठक जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान की अध्यक्षता में संघ के कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर ब्लॉक इकाई के निर्वाचन करने पर सहमति बनाई गई। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान ने कहा कि ब्लॉक इकाई का कार्यकाल पूरा हो गया है। संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए समय पर निर्वाचन करना आवश्यक है। जिला मंत्री प्रशांत सिंह ने कहा कि शिक्षकों के शैक्षिक प्रमाण-पत्र का सत्यापन करना अनुचित है। बार-बार सत्यापन कराया जाना गलत है। बैठक में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, जिला संगठन मंत्री विपिन कुमार शर्मा,जिला उपाध्यक्ष सुहेल बेग, मीडिया प्रभारी मोहम्मद जावेद, जिला कोषाध्यक्ष असीम कुमार चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष नितिन चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी, मंत्री धर्म सिंह आदि ने विचार रखे। बैठक का संचालन जिला मंत्री प्रशांत सिंह ने किया।

# मॉडर्न ऐरा स्कूल में उत्साह के साथ मनाया गया बाल दिवस

**बिजनौर (चिंगारी)।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर में बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेलकूद एवं मनोरंजक



गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं साथ ही टग ऑफ वार प्रतियोगिता के माध्यम माध्यम से बच्चों ने अपनी खेल भावना एवं सामुहिक सहभागिता का प्रदर्शन किया। कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिए क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं के लिए टग ऑफ वार सहित विभिन्न शारीरिक गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं तथा स्टाफ के बीच पांच ओवर का मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच रहा। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विस्वास ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बाल दिवस की शुभकामनायें दीं।

# मधुमेह को नज़रअंदाज न करें- डा. पंकज त्यागी

## विश्व मधुमेह दिवस पर सिटी हॉस्पिटल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बिजनौर (चिंगारी)।** विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर सिटी हॉस्पिटल, बिजनौर में डॉ. पंकज त्यागी (जनरल एवं डायबिटीज केयर फिजिशियन) के नेतृत्व में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों ने अपना नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार कराया। शिविर में मरीजों को नि:शुल्क चिकित्सकीय परामर्श, आवश्यक जांच तथा दवाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. पंकज त्यागी ने संदेश देते हुए कहा कि मधुमेह ऐसी बीमारी है, जिसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। नियमित रूप से ब्लड शुगर की जांच कराएं,



चिकित्सक की सलाह के अनुसार दवाइयां एवं इंसुलिन लें, संतुलित खानपान अपनाएं और नियमित व्यायाम करें। इंसुलिन को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रांति न रखें तथा बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाइयां या इंसुलिन बंद न करें।

उन्होंने कहा कि सही जानकारी, समय पर जांच और नियमित उपचार से मधुमेह को नियंत्रित रखते हुए स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। शिविर में डॉ. पंकज त्यागी, डॉ. शुएब चौधरी, डॉ. यागवेन्द्र,डॉ. रविश, डॉ. वी. के. कौशिक, डॉ. उत्कर्ष, डॉ. शिवांगी, डॉ. अशर, कपिल, अफान, पाकी का सहयोग रहा।

# पात्रों तक पहुंचे योजनाओं का लाभ- कपिल देव

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाए और आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित हो। उन्होंने जनपद में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने पर भी जोर दिया।

प्रभारी मंत्री ने विद्युत विभाग को तार चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, समितियों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने तथा किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान समय से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भुगतान में किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। किसानों को उनकी निर्धारित गन्ना आपूर्ति समिति के अनुसार ही पर्चियां जारी की जाएं।



विधायक धामपुर अशोक राणा ने हर घर जल योजना के तहत ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने और पाइपलाइन डालने से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की। विधायक नहटौर ओम कुमार ने करीब 13 करोड़ रुपये की लागत से बने आईटीआई का शीघ्र उद्घाटन कराने के निर्देश दिए। एमएलसी अशोक कटारिया ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने क्षेत्र की इकाइयों का नियमित निरीक्षण करने को कहा।

चांदपुर विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता द्वारा जनप्रतिनिधियों के फोन कॉल का जवाब नहीं देने पर प्रभारी मंत्री ने नाराजगी जताते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक ओम कुमार, अशोक राणा, एमएलसी अशोक कटारिया, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, प्रशासक जिला पंचायत सार्केंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक के.के. विश्नोई, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं ब्लॉक प्रमुख मौजूद रहे।

## 46 सड़कों का निर्माण हो चुका

**लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि जनपद में प्रस्तावित 54 नई सड़कों में से 46 का निर्माण पूरा हो चुका है। शेष सड़कों का निर्माण जल्द शुरू कराया जाएगा। जनप्रतिनिधियों ने धामपुर, नूरपुर और चांदपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों की मरम्मत एवं निर्माण प्राथमिकता से कराने को कहा।**

# खुश हुआ बच्चों का मन, बाल दिवस पर किया गया पिकनिक का आयोजन




**किरतपुर (चिंगारी)। आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षकों द्वारा आयोजित विशेष प्रार्थना सभा से हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नितिन बिश्नोई ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की महत्ता बताते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, रचनात्मकता एवं नैतिक मूल्यों का भी विशेष महत्व है। उन्होंने बच्चों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के एमडी दर्शित अग्रवाल ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर प्राथमिक एवं जूनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए विशेष पिकनिक का आयोजन किया गया। बच्चे विद्यालय की बसों द्वारा पिकनिक स्थल पर पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेकर खूब आनंद उठाया। वहीं, वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल ने आयोजन के लिए शिक्षकों की सराहना की। अंत में विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास और उत्सव का वातावरण रहा। शिक्षकों के विशेष प्रयासों से यह दिन विद्यार्थियों के लिए यादगार बन गया।

# जीवन में हजार परेशानियां हों फिर भी आशा रखें - बिजेन्द्र राठी

**बिजनौर (चिंगारी)।** हर मानव के जीवन में हजारों प्रकार की परेशानियां आती हैं, किन्तु उसे आशा बनाए रखनी चाहिए। कभी भी निराश नहीं होना चाहिए। सदैव सकारात्मक चिंतन करना चाहिए। यह विचार गायत्री शक्ति पीठ पर यज्ञ हवन के अवसर पर बिजेन्द्र राठी ने व्यक्त किए। रामपाल सिंह यजमान रहे। बिजेन्द्र राठी ने कहा कि विषमताएं और परेशानियां तो प्रभु श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन में भी आईं थीं। दोनों को अपने पूरे जीवन में संघर्ष ही संघर्ष करना पड़ा। हम तो साधारण मानव हैं। उन्होंने कहा कि आज जो नेतागण सत्ता या विपक्ष में हैं। सभी को अपनी वर्तमान स्थिति तक पहुंचने के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ा है। बहुत सारी परेशानियां उठानी पड़ी हैं। अपने आदर्शों के साथ भी समझौते करने पड़े हैं।



इसलिए हम सबको कभी भी निराश नहीं होना चाहिए। हवन में देवराज त्यागी, बुद्धि प्रकाश शर्मा तथा अनुराग चौधरी का जन्म दिन तथा डा. राधे श्याम शर्मा व मिथिलेश शर्मा का विवाह दिवस पर शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया गया। यज्ञ में इंजीनियर रामपाल सिंह, साहू केदार नाथ, नर्मदा साहू, कुशाग्र शर्मा, ओमपाल सिंह, नरेश कुमार समेत अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# बाल दिवस पर स्कॉलर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया नगीना पार्क का भ्रमण

**नगीना (चिंगारी)।** बाल दिवस पर स्कॉलर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ नगर पालिका द्वारा निर्मित नगीना पार्क का भ्रमण किया। बच्चों ने पार्क में चल रहे साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों को देखा।



नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार ने बच्चों का स्वागत करते हुए बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और उन्हें उपहार भेंट किये। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में भी बताया। पार्क भ्रमण के दौरान बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और पार्क में जमकर आनंद उठाया। शिक्षकों ने भी बच्चों को सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। बाल दिवस पर आयोजित इस भ्रमण से विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# ऐसी भाषा है उर्दू, जिससे आती है हिन्दी की खुशबू

## अल्लामा इकबाल की याद में संगोष्ठी का आयोजन

**किरतपुर (चिंगारी)।** मौलाना मोहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट किरतपुर में अल्लामा इकबाल की याद में उर्दू संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने की। उन्होंने भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विचारों को व्यक्त करने के लिए भाषा की आवश्यकता होती है, जिसके लिए हिंदी और उर्दू दोनों पूर्ण सक्षम हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अच्छा व्यवहार करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन उर्दू प्रवक्ता श्रीमती उजमा परवीन ने किया। प्रोग्राम का आगाज छात्र मोहम्मद जुबेर की तिलावत कुरआन से हुआ। कार्यक्रम में मोहम्मद जीशान, मोहम्मद जुबेर, मोहम्मद अआकिल, सदफ नाज, वरीना, अलीशा, मंतशा, सहर फातिमा, मोहम्मद उस्मान, अलीशा जैदी, मुकाफा छात्र-छात्राओं ने उर्दू की अहमियत और अल्लामा इकबाल के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गीत, ग़ज़ल, नज्म आदि सुनाकर दिल जीत लिया। विज्ञान प्रवक्ता कुमारी अल्फिया ने उर्दू की अहमियत पर विचार व्यक्त किए। विज्ञान प्रवक्ता कुमारी रिजवाना खान ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उर्दू और हिंदी दोनों बहने हैं। अंग्रेजी प्रवक्ता डॉ. अजय कुमार राणा ने उर्दू हिंदी का महत्व बताते हुए उर्दू को बढ़ावा देने पर जोर दिया। हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. शमशाद हुसैन ने उर्दू के विकास को समझाते हुए उसकी अदबियत के बारे में बताया। विभाग अध्यक्ष डॉ. बेगराज यादव ने कहा कि उर्दू के बिना हम बातचीत नहीं कर सकते। उर्दू से हिन्दी की खुशबू आती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।



# बेटे की बारात से एक दिन पहले मां की मौत, शादी की खुशियां मातम में बदलीं, परिवार में कोहराम मचा

**बिजनौर (चिंगारी)।** स्थानीय मोहल्ला कस्साबान में एक परिवार की शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब बेटे की बारात जाने से ठीक एक दिन पहले मां की हार्ट अटैक से मौत हो गई। जिस घर में बेटे की शादी को लेकर खुशियों का माहौल था, वहां अचानक चीख-पुकार मच गई। मां की मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

स्थानीय मोहल्ला कस्साबान में मेरठ की चुंगी के पास रहने वाले फरमान उर्फ शानू की सोमवार को नजदीकी गांव जंदरपुर में बारात जानी थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। परिवार के सभी सदस्य शादी की खुशियों में जुटे थे कि शनिवार रात करीब आठ बजे फरमान की 55 वर्षीय मां कलसूम, खाना खाने के बाद घर के कामकाज में व्यस्त थीं। इसी दौरान अचानक उनके सीने में दर्द उठा और वह गिर पड़ीं। यह देखकर घर परिजन घबरा गये। आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बेटे की बारात निकलने से महज एक दिन पहले मां की मौत की खबर ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया। जिस मां को अपने बेटे को दूल्हे के रूप में देखने और उसकी शादी की खुशियों में शामिल होने का इंतजार था, वह इस दुनिया से विदा हो गईं।

इस हृदयविदारक घटना के बाद घर में शादी की खुशियों की जगह मातम पसरा हुआ है। फरमान और परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# दिव्यांग बच्चे खूब सजे-धजे शुक्रताल पहुंचकर लिये मज़े

## नुमाइश ग्राउंड से 40 बच्चों की एक्सपोज़र विजिट को दिखाई हरी झंडी, मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों की ली जानकारी




**बिजनौर (चिंगारी)।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विकास क्षेत्र किरतपुर, मोहम्मदपुर देवमल और हल्दौर के करीब 40 दिव्यांग बच्चों को एक्सपोजर विजिट के तहत शुक्रताल भ्रमण के लिए रवाना किया गया। नुमाइश ग्राउंड से खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मदपुर देवमल प्रभात कुमार एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा लियाकत अली ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। विजिट में 7 स्पेशल एजुकेटर, 4 शिक्षक और 5 अभिभावक भी शामिल रहे। शुक्रताल पहुंचकर बच्चों ने विभिन्न मंदिरों, घाट और गार्डन का भ्रमण किया तथा महापुरुषों एवं धार्मिक स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त की। स्पेशल एजुकेटर अयूब अली ने संकेतों के माध्यम से बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। बच्चों ने बस में संगीत और नृत्य के साथ खूब आनंद लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्पेशल एजुकेटर मुजफ्फर अली, वीरेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार, आसमा निगार एवं अयूब अली का विशेष सहयोग रहा। शाम को सभी बच्चों को सुरक्षित उनके अभिभावकों के सुपुर्द किया गया। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा दिव्यांग बच्चों को शिक्षा, उपकरण, छात्रवृत्ति, एस्कॉर्ट अलाउंस और विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

# माधोवाला में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

## परिजनों में कोहराम, पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा



मृतक का फाइल फोटो

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** शनिवार को रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम माधोवाला-टांडा में पेड़ पर एक युवक का शव लटका मिला। कपड़ों के आधार पर युवक की शिनाख्त गांव के ही प्रमोद कश्यप पुत्र स्व. महावीर सिंह के रुप में हुई। डेढ़ वर्ष पूर्व प्रमोद कश्यप की शादी थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम बुढेरन निवासी सुरेश कश्यप की पुत्री आरती के साथ हुई थी। श्राद्ध पक्ष के दौरान प्रमोद कश्यप की पत्नी आरती देवी 6 माह के पुत्र यशिक के साथ अपने मायके चली गई थी और तब से वहीं पर रह रही थी। चर्चा है कि दशहरा पर प्रमोद कश्यप की फोन पर अपनी पत्नी से बातचीत हुई थी, जिसके बाद प्रमोद कश्यप अपने घर से अचानक लापता हो गया था। 21 अक्टूबर को प्रमोद कश्यप के बड़े भाई विनोद कुमार ने थाना रेहड़ में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। प्रमोद कश्यप के परिजन उसे तलाश कर रहे थे परंतु उसका कोई सुराग नहीं मिल रहा था। शनिवार दोपहर गांव की कुछ महिलाएं गांव के ही एक किसान के गन्ने के खेत में घास काटने गई थीं। इस दौरान उन्होंने खेत की मेंड़ पर खड़े पेड़ पर एक युवक का शव लटका देखा। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों के बीच परिजनों ने कपड़ों से उसकी पहचान की। सूचना पाते ही थानाध्यक्ष रेहड़ राजीव कुमार वर्मा फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच पड़ताल की। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक पांच भाई बहनों में सबसे छोटा था और ठाकुरद्वारा क्षेत्र में एक पटाखा फैक्ट्री में काम करता था।



# गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर निकाली गई प्रभात फेरी

## कई स्थानों पर हुआ प्रभात फेरी का स्वागत

**धामपुर (चिंगारी)।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में गुरु नानक देव जी महाराज के 557 वें पावन प्रकाशोत्सव के अंतर्गत आज रविवार को दूसरी प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह ,पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी धामपुर मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, समाजसेवी चिकित्सक डॉक्टर दीपक गोयल, उत्तर प्रदेश सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा, पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित पालिका सभासद सरदार सतमीत सिंह मनी को पंथ से संबंधित


सिख संगत का स्वागत करते हुए।

जयकारों के बीच सम्मानित किया गया।

### गुरुद्वारे से निकाली गई प्रभात फेरी

पंजाबी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा से गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह के संरक्षण तथा गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट एवं सचिव सरदार गुरु चरण सिंह चावला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार त्रिलोचन सिंह चावला के निर्देशन में समूची संगत के सहयोग से निकाली गई। इस दूसरी प्रभात फेरी का पहला स्वागत मुनि विद्यानंद जैन कन्या पाठशाला के निकट विद्युत विभाग के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी सरदार प्रीतम सिंह कालड़ा के संरक्षण में किया गया।

जिसमें बीबी रविंदर कौर कालड़ा, सरदार अमितोज सिंह कालड़ा, सरदार हरविंदर सिंह कालड़ा, बीबी हरजीत कौर कालड़ा, सरदार गुरदीप सिंह कालड़ा, बीबी भूपेंद्र कौर कालड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह छाबड़ा, बीबी किरनजीत कौर छाबड़ा, सरदार हरदीप सिंह छाबड़ा, सरदार मनप्रीत सिंह सलूजा, प्रिंस सलूजा, बीबी अमरजीत कौर सलूजा, सरदार दमनप्रीत सिंह सलूजा, बीबी हरलीन कौर सलूजा, सरदार दिलवंश सिंह सलूजा आदि का योगदान रहा जबकि दूसरा स्वागत गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के संरक्षक सरदार सुरेंद्र सिंह चंदन तथा स्त्री सत्संग सभा की वरिष्ठ सदस्य बीबी सुरेंद्र कौर जी के समूचे परिवार की ओर से हुआ।

### आतिशबाजी व पुष्प वर्षा से किया प्रभात फेरी का स्वागत

श्री गुरु नानक पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में पहुंचने पर प्रभात फेरी में शामिल संगत का स्वागत आतिशबाजी छोड़कर व पुष्प वर्षा के द्वारा विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार सतमीत सिंह मनी, प्रबंधक डॉक्टर अमरजीत सिंह चावला, ऑडिटर एसपी सलूजा एवं सरदार त्रिलोचन सिंह चावला, वेद प्रकाश जुनेजा टोनी तथा प्रधानाचार्य कुमुद रानी के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षिकाओं मीनाक्षी रुहेला, उषा रानी, रितु राणा, मोनिका शर्मा, नेहा चौहान, रिद्धि कौशिक, प्रतीक्षा रानी, गुंजन रानी, नूर अफशा, अलीशा रानी, विवेका रानी, सोहिका राज, माधुरी गिरी, शुभम चौहान, जतिन गहलौत, प्रियांश राजपूत, हिमांशु धीमान आदि का समर्पित योगदान रहा।

# नूरपुर में 29 नवंबर को लगेगा रोजगार मेला, 450 पदों पर होगी भर्ती

**बिजनौर (चिंगारी)।** नूरपुर क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 29 नवंबर 2026 को भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में नोएडा की प्रतिष्ठित अंबर कंपनी की टीम अभ्यर्थियों का चयन करेगी। इसके तहत मैकेनिकल के 100, इलेक्ट्रिकल के 150, फिटर के 100 और महिलाओं के लिए 100 सहित कुल 450 पदों पर भर्ती की जाएगी।

**महिलाओं और युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर, 12वीं पास और आईटीआई अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन**

रोजगार मेले का आयोजन डॉ. वीरेंद्र सिंह राजपूत, संभावित प्रत्याशी भाजपा, नूरपुर विधानसभा क्षेत्र-24 के सौजन्य से उनके कैंप कार्यालय पर किया जा रहा है। भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास रखी गई है। आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी अपनी ट्रेड से संबंधित प्रमाणपत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ मेले में शामिल हो सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 18,494 रुपये से 20,459 रुपये प्रतिमाह तक वेतन दिया जाएगा।

इच्छुक महिला एवं पुरुष अभ्यर्थी पहले से अपना पंजीकरण भी करा सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर 9634528781 पर फोन या व्हाट्सऐप के माध्यम से अपना पूरा नाम, गांव का नाम, शैक्षणिक योग्यता और आईटीआई ट्रेड (यदि लागू हो) की जानकारी भेजनी होगी। रोजगार मेला रविवार, 29 नवंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉ. वीरेंद्र सिंह राजपूत के कैंप कार्यालय, नूरपुर-चांदपुर रोड स्थित छाया नर्सिंग होम के पास आयोजित होगा। अभ्यर्थियों को अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्र, आईटीआई प्रमाणपत्र और अन्य जरूरी दस्तावेज साथ लाने होंगे। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह नि:शुल्क है। आवेदन अथवा भर्ती के नाम पर किसी भी अभ्यर्थी से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। मेले के समन्वयक श्री ओम प्रकाश चौहान, बिजनेस पार्टनर, देवराडा कंपनी ऑफ ग्रुप, नोएडा हैं। वहीं आयोजन डॉ. वीरेंद्र सिंह राजपूत के सौजन्य से किया जा रहा है।

# नजीबाबाद में महिला व पुरुष बास्केट बाल प्रतियोगिता का आयोजन

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** जिला बास्केटबॉल संघ बिजनौर के तत्वावधान में जिला स्तरीय सीनियर बालक/बालिका प्रतियोगिता का 14 नवंबर को स्टेब्स ग्राउंड नजीबाबाद में चेयरमैसन इंजीनियर मौअज्जम खां, डीपीएस बिजनौर के मैनेजर देवांश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली सभी टीमों को ट्रॉफी एवं मैडल्स से सम्मानित किया जाएगा तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 6 तथा महिला वर्ग में 4 टीमें भाग ले रही। पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता को दो ग्रुपों में लीग आधार पर कराई गई, जिसके परिणाम निम्न प्रकार रहे।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम खां।

ग्रुप ए 1.डीपीएस, बिजनौर-19, सेंट मेरी स्कूल, बिजनौर-16 2.नजीबाबाद सीनियर - 39, डीपीएस, बिजनौर - 22, 3.सेंट मेरी स्कूल, बिजनौर-21, नजीबाबाद सीनियर - 38, ग्रुप बी 1.सेंट मेरी स्कूल, नजीबाबाद-24, अंदरडॉग्स, नजीबाबाद, 34, 2.स्टेडियम बिजनौर -32, सेंट मेरी स्कूल, नजीबाबाद-28, 3.अंदरडॉग्स, नजीबाबाद - 47 स्टेडियम, बिजनौर - 43 प्रतियोगिता को सुचारु रूप से कराने में बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव योगेश्वर त्यागी, कोऑर्डिनेटर मोहमद दानिश, हेमंत त्यागी, शशांक दिवाकर, उत्कर्ष, विश्वाजीत, रचित आदि का योगदान रहा।

# चोरी की गई बाइक के साथ, दो आरोपी आये हाथ

## बाइक बेचने जा रहे थे शेरकोट

**धामपुर (चिंगारी)।** थाना शेरकोट पुलिस ने बाइक चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई प्लेटिना मोटरसाइकिल भी बरामद की है। दोनों आरोपी चोरी की बाइक को बेचने के लिए शेरकोट आ रहे थे, तभी मुंखबिर की सूचना पर पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव ने शनिवार को कार्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि ग्राम हरेवली निवासी मदन सिंह ने 13 नवंबर को थाने में तहरीर देकर बताया था कि 10 नवंबर को उनका पुत्र विशाल कुमार प्लेटिना मोटरसाइकिल संख्या यूपी 20 एके 9710 से खेत पर गया था। उसने बाइक खेत के किनारे खड़ी की थी। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी कर ले गए।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। 14 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सुखविन्दर उर्फ सुक्खा पुत्र जोगेंद्र सिंह निवासी ग्राम



मदपुरी, थाना शेरकोट और गुरजीत सिंह पुत्र मेहर सिंह निवासी ग्राम चाहड़वाला उर्फ सहारावाला, थाना बढ़ापुर को चोरी की गई मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 10 नवंबर को वे ग्राम भगौता के जंगल के रास्ते से हरेवली जा रहे थे। मठ मंदिर से आगे पेड़ के नीचे उन्हें प्लेटिना मोटरसाइकिल खड़ी मिली, जिसका लॉक खुला हुआ था और आसपास कोई मौजूद नहीं था। मौका पाकर दोनों बाइक को अपने गांव ले गए। उन्होंने बताया कि पहचान छिपाने के उद्देश्य से मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट तोड़कर रास्ते में फेंक दी थी। 14 नवंबर को वे बाइक बेचने के लिए शेरकोट आ रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी सुखविन्दर उर्फ सुक्खा का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ थाना बढ़ापुर में वर्ष 2020 में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना शेरकोट के उपनिरीक्षक संजय पाल, कांस्टेबल गौरव कुमार, सुरेश कुमार व शिवकुमार आदि शामिल रहे।

# हिमांशु दक्ष बने हिन्दवी स्वराज्य संघ के मण्डल प्रभारी

**धामपुर (चिंगारी)।** हिन्दवी स्वराज्य संघ ने धामपुर निवासी समाजसेवी डॉ. हिमांशु दक्ष को मुरादाबाद मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध मे संघ के उत्तर प्रदेश महामंत्री एडवोकेट चौधरी अरुण प्रताप सिंह ने उनका नियुक्ति पत्र जारी करते हुए आशा जताई है कि डॉ. दक्ष पूरी ईमानदारी, निष्ठा और परिश्रम के साथ संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के साथ ही समाज एवं राष्ट्रहित में अपना योगदान देंगे। डॉ. हिमांशु दक्ष ने संगठन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस पर खरा उतरने के लिए वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा से प्रयास करेंगे।


डॉ. हिमांशु दक्ष

# कब तक सड़कों पर रहेंगे छुट्टा पशु?

**खासपुरा (चिंगारी)।** नूरपुर विकासखंड के खासपुरा में हाईवे पर हालात जस के तस हैं। पिछले 1 हफ्ते में कई गायों की मौत हो चुकी है, पहले भी कई बार ऐसे हादसे हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। आज भी रोड पर छुट्टा पशुओं का झुंड देखने को मिल जाएगा। सवाल यह है कि आखिर इनके जिम्मेदार कौन हैं? क्यों घूम रहे हैं अभी भी रोड पर? जब गौशालाएं हैं, बजट आ रहा है, अधिकारी दावे कर रहे हैं, तो फिर ये पशु रोड पर क्यों हैं? क्या इनकी मौत का इंतजार किया जा रहा है? अभी और कितनी गायें रोड पर दम तोड़ेंगी, तब जाकर प्रशासन संज्ञान लेगा। रात में अंधेरे में अचानक गाय सामने आ जाती है, ब्रेक लगाने का मौका भी नहीं मिलता, राहगीरों को जान हथेली पर रखकर चलना पड़ रहा है।



वहीं दूसरी तरफ किसान भी बुरी तरह परेशान हैं। दिन में ये छुट्टा पशु खेतों में घुसकर फसल खा जाते हैं, दूसरी तरफ रोड पर हादसे हो रहे हैं।

### ग्रामीणों का कहना है –

जब दूध देना बंद कर देती हैं तो इन गायों को रोड पर क्यों छोड़ दिया जाता है? पालने वाले मालिक कहां हैं? और अगर मालिक नहीं हैं तो गौशाला में क्यों नहीं पहुंचाया जा रहा?

### डिवाइडर लगाये जायेंगे

**पुलिस चौकी इंचार्ज गौरव तोमर ने कहा था कि कल ही यहां डिवाइडर लगाए जाएंगे, जिससे कुछ समाधान निकल सके, लेकिन अभी तक धरातल पर कुछ नहीं दिखा।**

**बीडीओ नूरपुर दिनेशपाल शर्मा का कहना है – कि क्षेत्र में कुल 7 गौशालाएं हैं, एक नई चांगीपुर में खोली गई है। इन गौशालाओं में लगभग 930 से 1000 गाय आश्रय में हैं। प्रति गाय 50 रुपये सरकार देती है।**

## मिलेनियम स्कूल में बाल दिवस पर हुई रेसिंग प्रतियोगिता

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोतवाली देहात में 14 नवंबर बाल दिवस के उपलक्ष में रेसिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार, उपप्रधानाचार्या शालिनी चौहान व एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में म्यूजिकल रेस, रिंग रेस, टॉय रेस, खो-खो, वॉलीबॉल, कबड्डी, क्रिकेट के रोचक मुकाबला का आयोजन हुआ।




नर्सरी से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं ने खेल में अपना प्रदर्शन दिखाया। सामूहिक खेलों में कबड्डी, वालीबाल और खो-खो की विजेता टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। खेल शिक्षक गजेय सिंह ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन के बारे में बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सत्येंद्र कुमार, सतीश कुमार, स्वाति कश्यप, सरजीत कौर, रूपाली व अंशिता शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। समापन पर प्रबंधक श्रीमती मीना सिंह ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विजेताओं को मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

## कैप्टन ए.वी.एस.गहलौत पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस




**हल्दौर (चिंगारी)।** कैप्टन ए.वी.एस.गहलौत पब्लिक स्कूल में बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों के स्वागत एवं बाल दिवस के विशेष आयोजन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों, खेलकूद, प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट नवीन कुमार, प्रधानाचार्या श्रीमती शालिनी चौधरी एवं कोऑर्डिनेटर सुश्री आरजू चौधरी उपस्थित रही। विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट नवीन कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष 14 नवंबर को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती के उपलक्ष्य में बाल दिवस मनाया जाता है। पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को बच्चों से विशेष लगाव था और बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। उन्होंने बच्चों को जीवन में शिक्षा, अनुशासन, संस्कार एवं मेहनत का महत्व समझाते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्या एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के सामूहिक सहयोग से कार्यक्रम को यादगार बनाया गया। पूरे विद्यालय में खुशी, उमंग और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

## कुंवर साहब व रानी जी की स्मृति में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**हल्दौर (चिंगारी)।** हल्दौर रियासत के स्व.कुंवर शिव महेंद्र सिंह एवं रानी पीताम्बरी राजलक्ष्मी की स्मृति में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजा हरवंश सिंह इण्टर कॉलेज हल्दौर के प्रांगण में संरक्षक कुंवर प्रमोद सिंह की देखरेख में नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुशल चिकित्सकों द्वारा करीब 580 रोगियों को जांच करने के उपरान्त नि:शुल्क दवाई और चश्मे दिये गये। शनिवार को भारतीय रेड क्रास सोसायटी जनपद बिजनौर का सहयोग से लगे विशाल स्वास्थ्य शिविर में त्वचा रोग, नेत्र रोग, महिला एवं पुरुष फिजिशियन, नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञों ने मरीजों की जांच की। इसके अलावा सुनने की क्षमता, रक्तचाप और शुगर की भी जांच की गई। मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां एवं चश्मे वितरित किए गए। आयुर्वेद और होम्योपैथी की भी दवाइयां दी गईं। शिविर में कॉलेज के संरक्षक कुंवर प्रमोद सिंह, रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन टीकम सिंह सेंगर, योगेंद्रपाल योगी, सुभाषचंद्र शर्मा, नरेश कुमार वर्मा, डॉ. अनम रईस, आमिर सलाम, नीता सिंह, अवधेश कुमार, डॉ. उषा सिंह, डॉ. अरविंद तोमर, डॉ. हेमेंद्र तोमर, डॉ. संतोष गुप्ता, डॉ. प्रतिभा ठाकुर, डॉ. ज्योति, डॉ. धीरज मोहन, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. शशांक चौहान आदि मौजूद रहे। शिविर के सफल आयोजन में कॉलेज के समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## साईं इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय खेलोत्सव का भव्य आयोजन

**हल्दौर (चिंगारी)।** नगर के साईं इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल हल्दौर में तीन दिवसीय वार्षिक खेलोत्सव का उत्साह एवं उमंग के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ, प्रबंधक भुवनेश सिंह एवं कोषाध्यक्ष आयुष रस्तौगी ने फीता काटकर किया। खेल प्रतियोगिताओं में नर्सरी से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। खेलोत्सव में बैग पैकिंग रेस, फ्रॉग रेस, लेमन रेस, 50 मीटर दौड़ एवं लॉन्ग जंप जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा और उत्साह से सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थी नर्सरी वर्ग की बैग पैकिंग रेस में आलिया, तूरा एवं अथर्व तथा दूसरे राउंड में आइसा, मयंक एवं जेहरा ने शानदार प्रदर्शन किया। फ्रॉग रेस में रियांश, अरहम एवं साक्षम तथा दूसरे राउंड में कृष्णवी, आध्या एवं सुशांत ने स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर दौड़ में रूबल, मायू एवं मिष्टी ने प्रथम, फरखान, नवयुग एवं शिव ने द्वितीय तथा हितांशी, शिवांश एवं देशवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य जूनियर वर्गों में बैग पैकिंग रेस में आरुषि, शिवांगी, प्रणिशिका, मिशिका, अरहान, शानवी, दर्श, आफिया एवं प्रभा ने स्थान प्राप्त किए। 50 मीटर दौड़ में लक्ष्य, वाशु राय, आराध्या, ध्रुव, अल्तमास, अभास, मनस्वी गौड़, सिद्धार्थ एवं पार्थ ने शानदार प्रदर्शन किया। लेमन रेस में लक्ष्मी, दिशांत, अभिनव, शिवांश, सूर्यांश एवं अन्वित विजेता रहे। फ्रॉग रेस में युवान, ऋद्धाक्ष, रीदा, मिजालिया, कियांश एवं रंजीत ने अपनी प्रतिभा दिखाई।



लॉन्ग जंप प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 के बालक वर्ग में मोहम्मद हादी (16.8 फीट), दीपक (15.8 फीट) एवं तेजस्व (15.7 फीट) क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में गुंजन (11.2 फीट), शैली (11 फीट) एवं सलोनी (8.4 फीट) ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 एवं 8 के बालक वर्ग में अक्षत (13.10 फीट), विराज (12.3 फीट) एवं प्रियांशु (10.6 फीट) ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेलोत्सव के दौरान महात्मा गांधी एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य चंचल वशिष्ठ ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के पीटीआई दीपक कुमार, नीलम चौधरी, प्रेरणा शर्मा, एजाज अली, साजन चौधरी, हिमांशु चौहान, सोनू कुमार, डी. राठौर, राजेश्वर धीमान, विनय प्रकाश, भावना चौधरी, शालिनी हसन, मीनाक्षी चौधरी, पूजा तोमर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## बाल दिवस पर हल्दौर सेंट मैरी स्कूल में हुआ भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**हल्दौर (चिंगारी)।** सेंट मैरी स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर एक भव्य और रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो बच्चों के लिए पूरी तरह से समर्पित और यादगार रहा। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले इस विशेष दिन पर विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या सिस्टर शैनेट, सिस्टर क्लेरेट, सिस्टर प्रिशियस, मैनेजर सिस्टर फिल्बी, सिस्टर धन्य ने बच्चों के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए स्कूल में एक शानदार और ऊर्जा से भरपूर गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। इसके साथ ही कार्यक्रम का एक अन्य मुख्य आकर्षण शिक्षकों द्वारा बच्चों के लिए प्रस्तुत किए गए विशेष कार्यक्रम रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया और विद्यालय की ओर से पुरस्कार वितरित किए गए। अंत में बच्चों को मिठाइयां बांटी गईं, जिससे उनके चेहरों पर मीठी मुस्कान बिखर गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर शैनेट ने सभी बच्चों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस शानदार आयोजन ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के आपसी स्नेह को और अधिक प्रगाढ़ कर दिया।



# गांजा तस्करी में महेन्द्र कुमार हो गया गिरफ़्तार

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** अवैध शराब, चरस, स्मैक, गांजा आदि की तस्करी में संलिप्त के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली ऋषिकेश पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। विगत दिवस चौकी आईडीपीएल पुलिस टीम द्वारा गोल चक्कर आईडीपीएल, ऋषिकेश में चेकिंग के दौरान अभियुक्त नौरंगी लाल पुत्र देवी राम निवासी ग्राम नगला भम्बू जाट, थाना सासनी, जिला हाथरस (उत्तर प्रदेश) को मोटरसाइकिल संख्या यूके 07 डीवाई-8716 पर 03 किलो 95 ग्राम अवैध गांजा परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया था, जिसमें एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान अभियुक्त नौरंगी लाल से पूछताछ उसके मोबाइल नंबर की सीडीआर के अवलोकन अन्य साक्ष्यों के आधार पर रामअवतार पुत्र महेश्वर सैनी, निवासी मायाकुण्ड ऋषिकेश, हाल पता गली नंबर-10, गुज्जर बस्ती श्यामपुर, ऋषिकेश,



देहरादून का नाम प्रकाश में आया। अभियुक्त रामअवतार द्वारा नौरंगी लाल से गांजा मंगाया जाना प्रकाश में आने पर 13 नवंबर 2026 को उ.नि. जगमोहन सिंह द्वारा अभियुक्त रामअवतार को धारा 29 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक जगमोहन सिंह, कांस्टेबल अशोक कुमार कांस्टेबल संदीप शामिल थे।

# उक्रांद ने चलाया 'नंगे पैर जनता के द्वार' अभियान

**कोटद्वार (चिंगारी)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने भी अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पार्टी की ओर से भाबर क्षेत्र में संकल्प यात्रा निकालकर लोगों से संवाद किया जा रहा है। 'नंगे पैर, जनता के द्वार' अभियान के तहत कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनने के साथ ही उनकी मांगों और सुझावों को लिखित रूप में दर्ज कर रहे हैं।

शनिवार को केंद्रीय प्रचार मंत्री रविंद्र सौंद ने बताया कि राष्ट्रीय दलों के नेता बंद कमरों में बैठकर पांच वर्षों के लिए संकल्प पत्र तैयार करते हैं, जिसमें जनता की वास्तविक समस्याओं और जरूरतों को पर्याप्त स्थान नहीं मिल पाता। यूकेडी जनता से सीधे सुझाव लेकर अपना घोषणा पत्र तैयार करेगी। इसमें लोगों की ओर से दिए गए लिखित सुझावों और मांगों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का घोषणा पत्र जनता का अपना घोषणा पत्र होगा, ताकि आगामी पांच वर्षों में जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य किए जा सकें। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान क्षेत्र के अस्पतालों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत घरों, सार्वजनिक शौचालयों और सरकारी संपत्तियों की स्थिति का जायजा लिया जाएगा। साथ ही सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, बेरोजगारी और बढ़ते नशे की समस्या से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा।

# उत्तराखण्ड में स्वगणना की प्रक्रिया कल से होगी प्रारंभ

**कोटद्वार (चिंगारी)।** भारत की जनगणना के तहत उत्तराखंड में स्वगणना की प्रक्रिया 16 नवंबर से शुरू होगी। नगर क्षेत्र के नागरिक 30 नवंबर तक घर बैठे ऑनलाइन अपने और परिवार के सदस्यों का विवरण दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक और सुपरवाइजर घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन के साथ जनगणना का कार्य पूरा करेंगे। शनिवार को नगर आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी पीएल शाह ने बताया कि स्वगणना के इच्छुक नागरिक जनगणना के आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in पर जाकर मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से लॉगइन कर सकेंगे। एक मोबाइल नंबर से केवल एक परिवार का पंजीकरण किया जा सकेगा। पोर्टल पर भाषा का चयन करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकेगा। उन्होंने बताया कि स्वगणना के दौरान प्रत्येक परिवार से 40 सवालों वाली परिवार अनुसूची भरवाई जाएगी। मौके पर उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे 16 से 30 नवंबर तक आधिकारिक पोर्टल पर स्वगणना की प्रक्रिया पूरी करें और प्राप्त यूनिक एसई आईडी प्रगणकों को उपलब्ध कराएं, ताकि जनगणना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# एमकेवीएन ग्रुप के स्कूलों में बाल दिवस पर हुये भव्य रंगारंग कार्यक्रम

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार में एमकेवीएन ग्रुप के स्कूलों, डीएवी और एसजीआर लालपानी में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। एमकेवीएन एजूकेशनल ग्रुप की तीनों शाखाओं में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर स्कूल परिसर में भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों के प्रति अगाध स्नेह रखने वाले चाचा नेहरू की याद में इस दिन को विद्यालय में बेहद उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। डीए वी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। तत्पश्चात खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सनेह क्षेत्र के अंतर्गत श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी में बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ ही शरद कालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# एसजीआरआर में नेहरू जी एवं महंत इंद्रेश चरण दास को किया याद

**कोटद्वार (चिंगारी)।** देवी रोड स्थित श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनायी गई, साथ ही संस्थान के प्रेरणास्रोत ब्रह्मलीन महाराज महंत इन्दिरेश चरण दास का जन्मदिवस भी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं शिक्षकगणों द्वारा महाराज एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रधानाचार्या अनुसूया वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री गुरु राम राय दरबार साहिब के नौवें महंत स्वतंत्रता सेनानी और महान शिक्षाविद ब्रह्मलीन श्री महंत इन्दिरेश चरण दास ने उत्तर भारत में 130 से अधिक शिक्षण संस्थानों की नींव रखकर शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया। वहीं भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहरलाल नेहरू ने भी देश की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दिया। कहा कि वे बच्चों से बहुत अधिक प्रेम करते थे। इसलिए बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहकर बुलाते थे। तत्पश्चात विद्यालय में चल रहे वार्षिक खेल सप्ताह के दूसरे दिन प्राइमरी वर्ग की विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया।

# बाप-बेटे है ऐसे, गौतम के हड़प लिये पैसे

**नूरपुर (चिंगारी)।** क्षेत्र के गांव मंडोरा निवासी गौतम कुमार पुत्र जागेश सिंह का आरोप है कि गांव निवासी शाहिद व उसके पुत्र दिलशाद ने गांव में ही रॉयल फण्ड नाम से पैसे एकत्रित करने की एक संस्था बनायी थी। बाप-बेटे ने उसे विश्वास दिलाया कि वह आप इस संस्था में पैसे जमा करे, तो वे आपके मूल धन पर 24 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देंगे जो बैंक के ब्याज से बहुत ज्यादा है। गत 22 अगस्त 2023 को उसका खाता खोल दिया व एक किताब मय स्टाम्प व प्रिंन्टेड उसे दी गई थी, जिसमें उसने 90 हज़ार रुपए जमा किये थे। आरोप है कि उक्त लोगों ने धोखाधड़ी करते हुए उसके पैसे हड़प लिए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी बाप बेटे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष त्रिवेन्द्र राठी ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

# सतिगुरु नानक प्रगटिया, मिटी धुंध जग चानण होया

**बिजनौर (चिंगारी)।** श्री गुरुद्वारा प्रबंध संचालन ट्रस्ट, रेलवे रोड गुरुद्वारा साहिब बिजनौर की ओर से धन श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पूरब को मुख्य रखते हुए पहली प्रभात फेरी का आयोजन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। सुबह अमृत बेला में दरबार साहिब से प्रभात फेरी शुरू हुई। संगत ने शब्द कीर्तन करते हुए पूरे नगर को गुरुबाणी की मिठास से भर दिया। रास्ते भर जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। प्रभात फेरी दरबार साहिब से किरतपुर मार्ग होते हुए स्व. सरदार सतनाम सिंह जी के निवास पर पहुंची। वहां परिवार की ओर से संगत को चाय और छोले का प्रसाद छकाया गया। संगत ने बड़े प्रेम से प्रसाद ग्रहण किया और परिवार को आशीर्वाद दिया। नगर की भारी संख्या में संगत ने प्रभात फेरी में हाजरी भरी। बुजुर्ग, नौजवान, बच्चे और माताएं सभी गुरु नानक देव जी की याद में एक साथ चलते नजर आए। इस दौरान गुरुद्वारे के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह फलोदिया, उपाध्यक्ष हरचरण सिंह, हरमीत सिंह निराला, मानवेन्द्र सिंह, सोनू सिंह, सुरजीत सिंह, अजीत सिंह, कश्मीर सिंह, बिजयपाल सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, जयपाल सिंह,राजेश सिंह, बीबी कवीता कौर, रेनू कौर, रंजीत कौर, बबली कौर, जितेन्द्र कौर, गुरदीप कौर आदि संगत मौजूद रहे।



# ऊर्जा संरक्षण विषय पर टीएचडीसी ने कराई राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता

## हरिद्वार के छात्र कुनाल ने पाया प्रथम स्थान

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड द्वारा रस्मंजरी ऑडिटोरियम, टीएचडीसी कॉलोनी, ऋषिकेश में ऊर्जा संरक्षण विषय पर राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर सिपन कुमार गर्ग, प्रबंध निदेशक, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने ऊर्जा संरक्षण को सतत एवं सुरक्षित भविष्य के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। इस वर्ष की प्रतियोगिता के विषयों ऊर्जा बचाएं, भविष्य सुरक्षित बनाएँ तथा बिजली स्टार लेबलों की चमक, ऊर्जा सुरक्षा हो शानदार का उल्लेख करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग तथा ऊर्जा दक्ष विद्युत उपकरणों के महत्व के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एल.पी.जोशी, मुख्य तकनीकी अधिकारी टीएचडीसी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा उन्होंने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि चित्रकलाएं ऊर्जा संरक्षण के संदेश को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा बचाने की आदतें अपनाने तथा अपने परिवार एवं समुदाय के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

समूह- बी में आर्य भट्ट कुलम, हरिद्वार के कक्षा 10 के छात्र कुनाल कुंडा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, एसेंट पब्लिक स्कूल, हल्द्वानी, नैनीताल की कक्षा 10 की छात्रा कृतिका ने द्वितीय तथा टीएचडीसी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, गुमानीवाला, ऋषिकेश की कक्षा 10 की छात्रा रिया रवि फुलवारे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी छह विजेता प्रतिभागियों को नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता के फाइनल में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# मंडावली से तीर्थयात्रा में शामिल 50 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )**। मंडावली से 50 श्रद्धालुओं का एक जत्था श्रद्धा यात्रा खाटूश्याम, बालाजी, बरसाना, वृंदावन आदि धाम के दर्शन के लिए रवाना हुआ। यात्रा से पूर्व पंडित कक्कू दत्त शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं को तिलक लगाकर व पटका पहनाकर स्वागत सत्कार किया। श्रद्धालुओं का जत्था जय श्रीराम, हर-हर महादेव के जयकारों के साथ रवाना हुआ। श्रद्धा यात्रा में डॉ. सोहन कश्यप, सुशील कुमार, अनिल प्रजापति, शंभू नाथ, चंदन सिंह, नरवीर सिंह, राजपाल सिंह, बलराम सिंह, सुखपाल सिंह, नमन शर्मा, राजबाला



देवी, शकुंतला देवी, रमा रानी, उमा शर्मा, मोकम सिंह, दयाराम सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अंशिका शर्मा, रेशो देवी, सुरेश कुमार, कमलेश, मुन्नी देवी, दीपिका सहित आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रद्धा यात्रा के आयोजक मोहित कर्णवाल ने बताया कि यात्रा बाला जी, खाटूश्याम, गोकुल, वृंदावन आदि धाम के दर्शन करने के बाद 18 नवंबर को वापस आएगी।

# अधिवक्ता आनंद जंघाला बने अधिवक्ता परिषद ब्रज प्रांत के विशेष आमंत्रित सदस्य

**बिजनौर ( चिंगारी )**। मुरादाबाद स्थित तीर्थंकर विश्वविद्यालय में आयोजित अधिवक्ता परिषद ब्रज प्रांत की बैठक में बिजनौर के वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद जंघाला को अधिवक्ता परिषद ब्रज प्रांत में विशेष आमंत्रित सदस्य चुने जाने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर उनके अनुभव, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा को सम्मानित किया गया। उनके विशेष आमंत्रित सदस्य चुने जाने पर अधिवक्ता जगत एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। शुभचिंतकों ने कहा कि यह दायित्व उनके अनुभव, संगठन के प्रति समर्पण और निष्ठा का सम्मान है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आनंद जंघाला अपने नये दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। उनके मार्गदर्शन एवं योगदान से संगठन को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई।













